शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 160 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 05 जुलाई 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम मोदी तीन दिन की यात्रा पर रूस और ऑस्ट्रिया होंगे रवाना

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 10 जुलाई तक रूस और ऑस्ट्रिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय की तरफ से ये जानकारी सामने आई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि रूस की अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद, मोदी ऑस्ट्रिया की यात्रा करेंगे, जो 41 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की उस देश की पहली यात्रा होगी। करीब पांच साल में यह मोदी की पहली रूस यात्रा होगी। रूस की उनकी आखिरी यात्रा 2019 में हुई थी। जब उन्होंने सुदूर पूर्व शहर व्लादिवोस्तोक में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लिया था। पीएम मोदी की मॉस्को और वियना यात्रा उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। आमतौर पर भारतीय पीएम की पहली विदेश यात्रा पड़ोसी देशों की होती है। फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से यह मोदी की रूस में पहली यात्रा है।

**रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद मोदी की पहली रूस यात्रा**

फरवरी 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से यह मोदी की मॉस्को की पहली यात्रा होगी। बता दें कि यह 2000 से चल रहे भारतीय और रूसी नेताओं के बीच वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन की तर्ज पर एक स्टैंडअलोन यात्रा होगी। दिसंबर 2021 में अपने अंतिम वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद से ढाई सालों में, मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आपसी संपर्क जारी रखा है। मोदी की रूस यात्रा 13-14 जून को जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आउटरीच सत्र के लिए उनकी इटली यात्रा के ठीक बाद हो रही है।

## ड्यूटी के चलते निकाह के लिए नहीं ली छुट्टी

**जम्मू कश्मीरः** श्री अमरनाथ यात्रा में बुधवार को कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल देखने को मिली। अनंतनाग जिले के पहलगाम के नुनवान आधार शिविर में ड्यूटी पर तैनात स्वच्छता सुपरवाइजर ने छुट्टी न लेकर वर्चुअल निकाह की रस्में निभाईं। मोबाइल पर ही कबूल है... कबूल है... कबूल है... कहकर निकाह पूरा किया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के जैनापोरा निवासी फैजल का तीन जुलाई को निकाह तय हुआ था, लेकिन अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी लगी होने के कारण वह घर नहीं गए और उन्होंने कैंप में ही रहकर अपना काम जारी रखने का फैसला किया।

# टी20-विश्व विजेताओं का हुआ भव्य स्वागत

## फोटो सेशन के दौरान ट्रॉफी की जगह पीएम मोदी ने पकड़ा रोहित-द्रविड़ का

**नई दिल्ली**

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में खेले गए आईसीसी टी20 विश्व कप में जीत के बाद गुरुवार को देश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। फाइनल के बाद तीन दिन तक बारबाडोस में फंसी भारतीय टीम गुरुवार सुबह छह बजे नई दिल्ली पहुंची और प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। जैसे ही भारतीय टीम ने पीएम मोदी और टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, एक अविश्वसनीय दृश्य सामने आया। पीएम मोदी ने टी20 विश्व कप ट्रॉफी को छुआ नहीं था। उन्होंने फोटो में केवल कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का हाथ पकड़ा था।

**रोहित-द्रविड़ ने उठाई ट्रॉफीः** द्रविड़ और रोहित ने एक-एक हाथ से ट्रॉफी हाथ में उठाई, जबकि पीएम मोदी ने तस्वीरों के लिए पोज देते हुए इन दोनों का हाथ पकड़ रखा था। पीएम मोदी का ऐसा करना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक अनकहे नियम के मुताबिक, टीमों या व्यक्तियों द्वारा जीती गई ट्राफियां या पदक केवल उन लोगों द्वारा स्पर्श किए जाने चाहिए जिनकी टीम ने यह ट्रॉफी जीती है। यानी ट्रॉफी पर हक उन्हीं का होता है जिन्होंने उसे अपनी मेहनत से जीता है। ऐसा कई बार फीफा विश्व कप के दौरान भी देखा




### विजय जुलूस से किया अभिनंदन

**मरीन** ड्राइव से विजय जुलूस शुरू हुआ और टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य ट्रॉफी के साथ खुली बस में चढ़ गए। मरीन ड्राइव पर प्रशंसकों की भारी भीड़ मौजूद रही और वहां मौजूद लोग कोहली-कोहली के नारे लगा रहे थे। भारतीय टीम के खिलाड़ी इस दौरान मरीन ड्राइव पर मौजूद प्रशंसकों का हाथ हिलाकर अभिवादन कर रहे थे। मरीन ड्राइव पर भीड़ इतनी ज्यादा है कि बस आगे नहीं बढ़ पा रही थी। टीम के खिलाड़ी तिरंगा हाथ में लिए खुली बस में खड़े हैं और प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा रहे थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ट्रॉफी पकड़े हुए हैं और प्रशंसकों को दिखा रहे थे, जबकि उनके ठीक बगल में युजवेंद्र चहल तिरंगा लिए खड़े थे। फाइनल के बाद तीन दिन तक बारबाडोस में फंसी भारतीय टीम गुरुवार सुबह छह बजे नई दिल्ली पहुंची और प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। जैसे ही भारतीय टीम ने पीएम मोदी और टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, एक अविश्वसनीय दृश्य सामने आया। पीएम मोदी ने टी20 विश्व कप ट्रॉफी को छुआ नहीं था। उन्होंने फोटो में केवल कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का हाथ पकड़ा था।

**रोहित-द्रविड़ ने उठाई ट्रॉफीः** द्रविड़ और रोहित ने एक-एक हाथ से ट्रॉफी हाथ में उठाई, जबकि पीएम मोदी ने तस्वीरों के लिए पोज देते हुए इन दोनों का हाथ पकड़ रखा था।

गया है। ऐसा कहा जा रहा है कि पीएम मोदी ने भी इसी लिए भारतीय टीम और उसके खिलाड़ियों को ऐसा करने दिया। इस कदम की सोशल मीडिया पर कई लोगों ने सराहना की है।

पीएम मोदी को तोहफे में मिली जर्सी :पीएम मोदी को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की। पीएम मोदी के साथ बातचीत के दौरान कुछ समय बिताने के बाद भारतीय खिलाड़ी मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे के लिए निकल गए। मुंबई में टीम इंडिया मरीन ड्राइव और वानखेड़े स्टेडियम तक विजय जुलूस निकालेगी। उनके लिए एक भव्य परेड की तैयार की गई है। इसके लिए एक खास बस भी तैयार की गई है।

शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मिलेंगे खिलाड़ी

शिवसेना नेता प्रताप सरनाइक ने बताया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल शुक्रवार को विधानसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुंबई में आज का कार्यक्रम बीसीसीआई ने आयोजित किया है। कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल समेत

### पीएम नरेंद्र मोदी को तोहफे में मिली जर्सी




पीएम मोदी का ऐसा करना सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। एक अनकहे नियम के मुताबिक, टीमों या व्यक्तियों द्वारा जीती गई ट्राफियां या पदक केवल उन लोगों द्वारा स्पर्श किए जाने चाहिए जिनकी टीम ने यह ट्रॉफी जीती है। यानी ट्रॉफी पर हक उन्हीं का होता है जिन्होंने उसे अपनी मेहनत से जीता है।

**पीएम मोदी** को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की। पीएम मोदी के साथ बातचीत के दौरान कुछ समय बिताने के बाद भारतीय खिलाड़ी मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए दिल्ली हवाई अड्डे के लिए निकल गए। म

शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से मिलेंगे खिलाड़ीः शिवसेना नेता प्रताप सरनाइक ने बताया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल शुक्रवार को विधानसभा में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा, 'मुंबई में का कार्यक्रम बीसीसीआई ने आयोजित किया है। कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल समेत मुंबई से टीम इंडिया के खिलाड़ी कल महाराष्ट्र विधानसभा में सीएम एकनाथ शिंदे से मिलने आएंगे। का सदस्य होने के नाते मैंने खिलाड़ियों को आमंत्रित किया था।

## असम में बाढ़ से अब तक 46 लोगों की मौत

**गुवाहाटी**

**असम में** बाढ़ के पानी ने अब तक 46 लोगों की जान ले ली है। बुधवार को राज्य में बाढ़ के पानी में डूबने से आठ और लोगों की मौत हो गई। सोनितपुर जिले में दो जबकि मोरीगांव, डिब्रूगढ़, दरांग, गोलाघाट, बिस्वनाथ और तिनसुकिया जिले में एक-एक व्यक्ति की जान गई।

पानी में 11 जानवर डूब गएः प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित जिलों में 515 राहत शिविर और वितरण केंद्र स्थापित किए हैं, जहां करीब 3.86 लाख लोग शरण लिए हुए हैं। बाढ़ का पानी घरों में घुसने के बाद कई बाढ़ प्रभावित लोग सुरक्षित स्थानों,



ऊंची स्थलों, स्कूल भवनों, सड़कों और पुलों पर शरण ले रहे हैं। इस बीच, असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में बाढ़ के पानी में 11 जानवर डूब गए हैं, जबकि 65 अन्य जानवरों को बचा लिया गया है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएम) की बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, दो जुलाई को तिनसुकिया जिले में दो लोगों की मौत हो गई जबकि धेमाजी जिले में एक व्यक्ति की जान चली गई।

ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपरः मंगलवार को राज्य में बाढ़ की स्थिति और भी गंभीर हो गई।

## युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है, बदलाव को स्वीकार करने के लिए हमेशा रहना होगा तैयारः सीडीएस

**नई दिल्लीः**

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान लड़ी गई टोलोलिंग और टाइगर हिल की लड़ाई के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सेना के अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों (जेसीओ) और 18 ग्रेनेडियर्स के सैनिकों की एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान अनिल चौहान ने कहा कि तकनीकी प्रगति के कारण युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और देश के सशस्त्र बलों को इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना होगा।



टाइगर हिल पर 4 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने किया था कब्जाः टाइगर हिल की चोटी पर भारतीय सेना ने 4 जुलाई 1999 को कब्जा किया था। 18 ग्रेनेडियर्स बटालियन ने कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाई थी। 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में हर साल 26 जुलाई को 'विजय दिवस' मनाया जाता है। जनरल चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा, देश के लोगों को हमारी क्षमताओं पर भरोसा है और इसी वजह से हमें अपार प्रतिष्ठा मिली है। आपको जो विरासत मिली है, वह हमारे पूर्वजों ने अर्जित की है। हमने भले ही प्रत्यक्ष योगदान नहीं दिया हो, लेकिन हम उसका फल प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे व्यक्तिगत रूप से और समुदाय के रूप में भी हमें जिम्मेदारियां सौंपी जाती हैं।

## अब ड्रोन बुझाएंगे जंगल की आग, फसलों पर करेंगे छिड़काव



**देहरादूनः** अब जंगल की आग बुझाने, फसलों पर छिड़काव करने और आपदा में राहत सामग्री भेजने के काम ड्रोन से हो सकेंगे। नई ड्रोन नीति के तहत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी, आईटीडीए ने छह श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध कर दिया है। सभी विभाग अपनी जरूरत के हिसाब से इन कंपनियों से काम करा सकेंगे। आईटीडीए ने तकनीकी मानकों पर खरा उतरने पर मैपिंग, सर्विलांस, एग्रीकल्चर, ट्रेनिंग, फायर फाइटिंग और लॉजिस्टिक श्रेणियों में 23 ड्रोन कंपनियों को सूचीबद्ध किया है। इनमें बड़ी संख्या स्टार्टअप की है। मैपिंग के लिए सबसे ज्यादा 13 कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है। विभाग अपनी प्रॉपर्टी से लेकर अन्य मैपिंग संबंधी सभी काम इनमें से किसी भी कंपनी से करा सकती है।

**युवाओं-महिलाओं को ड्रोन संचालन में किया जाएगा प्रशिक्षितः** सर्विलांस के काम के लिए छह कंपनियों को सूचीबद्ध किया गया है। यह सभी कंपनियां विभिन्न प्रोजेक्ट की निगरानी आदि का काम कर सकेंगी। एग्रीकल्चर के लिए दो ड्रोन कंपनियां सूचीबद्ध हुई हैं, जिनकी मदद से फसलों पर छिड़काव से लेकर सभी कृषि संबंधी काम कराए जा सकते हैं। ट्रेनिंग, फायर फाइटिंग और लॉजिस्टिक के लिए एक-एक कंपनी सूचीबद्ध की गई है। ट्रेनिंग के लिए जिस कंपनी का चयन किया गया है, वह युवाओं-महिलाओं को ड्रोन संचालन में प्रशिक्षित कर सकेंगी। साथ ही ड्रोन संबंधी अन्य प्रशिक्षण भी दे सकेगी। फायर फाइटिंग ड्रोन की मदद से जंगलों से लेकर घरों की आग बुझाने में मदद मिलेगी। लॉजिस्टिक ड्रोन कंपनी की मदद से राहत सामग्री एक जगह से दूसरी जगह भेजी जा सकेगी।

## हाथरस भगदड़ः आयोजन समिति के छह गिरफ्तार

**अलीगढ़**

हाथरस भगदड़ मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अब तक इस घटना में आयोजन समिति से जुड़े छह सेवादारों को गिरफ्तार किया गया। वहीं इस घटना के मुख्य आयोजक-मुख्य सेवादार की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। गिरफ्तार लोगों में उपेंद्र, मंजू यादव, मुकेश कुमार शामिल हैं। घटना पर अलीगढ़ के आईजी शलभ माथुर ने कहा कि जोन स्तर पर सभी जिलों



में एसओजी की टीमों को आरोपियों के चिह्नीकरण व गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है। साथ ही मौके से मिले साक्ष्यों को विवेचना का हिस्सा बनाया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों ने बताया है कि बाबा के चरण रज लेने से काफी कष्ट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार लोगों ने बताया कि सेवादार के रूप में कार्य करते हैं, समिति के अध्यक्ष व सदस्य हैं। विवेचना में अगर बाबा का नाम आता है तो उस बिंदु पर कारवाई होगी। जरूरत पड़ने पर बाबा से पूछताछ की जाएगी।

आईजी ने बताया कि मृतकों की संख्या 121 है। सभी शवों की पहचान हो गई है और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आईजी शलभ माथुर ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता की धारा-105, 110, 126(2), 223 और 238 के अंतर्गत मामला दर्ज.किया गया है।

## मंत्री पद से किरोड़ीलाल मीणा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर**

राजस्थान की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान की भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव में दौसा सीट पर हुई हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफा देने के कयास शुरू हो गए थे। किरोड़ीलाल मीणा ने खुद इसका खुलासा किया है। किरोड़ी लाल ने कहा कि सभी सरकारी सुविधाओं से दूरी बना ली है। मैंने पहले ही जनता के बीच एलान कर दिया था।

गौरतलब है कि टोंक में सीएम भजनलाल शर्मा की मौजदगी में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा था कि अगर कोई 5 वर्ष में सुखबीर जौनापुरिया को

पराजित करने वाले हरीश मीणा के मोबाइल नंबर और ठिकाना भी कोई बता दे तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

किरोड़ी लाल मीणा ने जौनापुरिया

## लोकसभा में अब शपथ के दौरान सदस्य नहीं लगा सकेंगे नारे

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** के कुछ सदस्यों द्वारा शपथ के दौरान नारेबाजी करने के बाद अध्यक्ष ओम बिरला ने नियम में संशोधन किया है, जिसके मुताबिक निर्वाचित सांसद सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेते समय कोई भी अतिरिक्त टिप्पणी नहीं कर सकते। ओम बिरला ने सदन के कामकाज से संबंधित कुछ मामलों को विनियमित करने के लिए अध्यक्ष के निदेशों में 'निर्देश-1' में एक नया खंड जोड़ा है, जो नियमों का हिस्सा नहीं था। निर्देश-1 में संशोधन के अनुसार, नया खंड-तीन अब यह कहता है कि एक सदस्य जब शपथ लेगा और उस पर हस्ताक्षर करेगा तो वह उपसर्ग या प्रत्यय के रूप में किसी भी शब्द का उपयोग या अभिव्यक्ति नहीं करेगा। यानी कोई टिप्पणी नहीं करेगा। यह संशोधन पिछले सप्ताह शपथ लेते समय कई सदस्यों



द्वारा 'जय संविधान' और 'जय हिंदू राष्ट्र' जैसे नारे लगाने की पृष्ठभूमि में आया है। एक सदस्य ने 'जय फलस्तीन' का नारा भी लगाया था, जिस पर भी कई सदस्यों ने आपत्ति भी जताई थी। लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से शपथ लेते समय निर्धारित प्रारूप पर कायम रहने का अनुरोध किया था, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने आरोप लगाया था कि कई सदस्यों ने शपथ लेने या प्रतिज्ञान करने के महत्वपूर्ण अवसर का इस्तेमाल राजनीतिक संदेश भेजने के लिए किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 18वीं लोकसभा के पहले सत्र में 103 प्रतिशत कामकाज हुआ। बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान कुल सात बैठकें हुईं और सदन करीब 34 घंटे तक चला। सत्र के दौरान 539 नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली। इसके अलावा पहले सत्र में ओम बिरला का दोबारा स्पीकर के रूप में चुनाव हुआ और राष्ट्रपति का अभिभाषण भी हुआ। मंगलवार को लोकसभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। ओम बिरला ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में 68 सदस्यों ने भाग लिया। 26 जून को हुए लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव का जिक्र करते हुए बिरला ने ध्वनिमत से दूसरी बार उन्हें अध्यक्ष चुने जाने पर आभार व्यक्त किया। स्पीकर ने बताया कि 26 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिपरिषद का सदन में परिचय कराया।

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा**

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 18 घंटे से अधिक समय तक चली और 68 सदस्यों ने इसमें भाग लिया। दो जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के साथ चर्चा समाप्त हुई। बिरला ने आगे बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में राहुल गांधी की नियुक्ति की घोषणा 27 जून को सदन में की गई थी।

ओम बिरला ने नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण और अध्यक्ष के चुनाव के दौरान कार्यवाही के सुचारु संचालन के लिए प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सदन को सुचारु रूप से चलाने में योगदान देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू, विभिन्न पार्टियों के नेताओं और सदन के सदस्यों को भी धन्यवाद दिया।

# आकांछा ब्लॉक कोरांव की संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

**ब्लॉक कोरांव को संपूर्णता अभियान जनपद में प्रथम स्थान लाना है : राजमणि कोल**

**नीति आयोग भारत सरकार के प्रतिनिधि हर्षित मिश्रा ने गोष्ठी में नीति और सम्पूर्ण अभियान के बारे में दी जानकारी**

**अखंड भारत संदेश**






**कोरांव।** जिले में दो चयनित आकांच्छा ब्लॉक में एक कोराव ब्लॉक में ब्लॉक कोराव द्वारा आयोजित संपूर्णता अभियान को अमलीजामा पहनाने के लिए मुख्य अतिथि भाजपा विधायक राजमणि कोल ने जिले और ब्लॉक तहसील के सभी अधिकारियों को मिल कर अगस्त माह के अंत तक संपूर्णता अभियान को जिले में प्रथम स्थान लाने का आह्वान किया।जिससे सरकार विकास खंड कोरांव को और भी विकसित कर सके। विधायक ने प्रधान मंत्री जी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश को प्रगति के पथ पर पहुंचा दिया है। उन्होंने सारे विभाग जैसे कृषि, शिक्षा बाल विकास,स्वास्थ्य,एनआरएलएम,क ो 31 अगस्त तक हर हाल में सभी आधा दर्जन बिंदुओं पर मेहनत के साथ कार्य करने की अपील किया। विधायक ने कहा की लोग शपथ ले कि उक्त महत्वपूर्ण अभियान को प्राप्त लक्ष्य को तेजी से स्म्यांतर्ग पूर्ण कर लेंगे। उन्होंने आयोजन कताओं को और भाग लेने वाले नीति आयोग के सदस्य और जिले के ब्लॉक के सभी अधिकारियों कार्य कताओं की हौंसला आफजाई किया। हर्षित मिश्रा नीति आयोग के प्रतिनिधि को आकांछा ब्लॉक को कुल छ बिंदुओं पर ज्यादा फोकस किया, जो स्वास्थ्य, शिक्षा,कुपोषण,और कृषि कार्य,बाल विकास, माहिलाओ बच्चियों बच्चों से संबंधित था। उन्होंने बच्चों को घर का खाना नाश्ता,दिए जाने का आह्वान किया,चाउमीन,कुरकुरे, ममोज,मंचूरियन,मैगी आदि के बंद खराब खाद्य पदार्थ,फ्रूटी,कोल्ड ड्रिंक्स आदि के सेवन से बचने का आग्रह किया। अन्यथा गंभीर बीमारी गलत खान पान,आदि का शिकार होना पड़ेगा। श्री मिश्र ने कहा कि यादि यह ब्लॉक उक्त छ बिंदुओं पर संपूर्ण रूप से कार्य करेगा तो इस ब्लॉक का मान सम्मान बढ़ेगा,और सरकार उसी दिशा में उक्त ब्लॉक को विकसित किए जाने को विवश भी होगी। बीडीओ कोरांव धीरेंद्र सिंह यादव और ब्लाक के सभी अधिकारियों ने अतिथियों का पुष्प देकर सम्मानित और स्वागत किया। तथा आयोजन के बारे में जानकारियां दी। जिले के सीएमओ, डीपीओ, पीडी, बीएसए, सहित ब्लॉक के सभी अधिकारी कर्मचारी ग्राम प्रधान पूर्व ब्लॉक प्रमुख कोरांव प्रतिनिधि तुलसीदास राणा,बबुआन डुवेडी आदि उपस्थित रहे।

## एक सप्ताह तक करछना एवं बराव विद्युत स्टेशन से सप्लाई में परिवर्तन

**सुबह 7ः बजे से दोपहर 2ः बजे तक सप्लाई बंद रहेगी, भुंडा से करछना सप्लाई लाइन मिंटिनेंस, करछना प्रयागराज पावर हाउस के अंतर्गत सभी गांवों**

**करछना।** की सप्लाई 5 जुलाई से.13 जुलाई तक सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक जरूरी कार्य हेतु सप्लाई बंद रहेगी, प्राप्त जानकारी विद्युत विभाग करछना की ओर से भुण्डा विद्युत सप्लाई स्टेशन से करछना विद्युत स्टेशन के बीच 33000 लाइन की सप्लाई को सही ढंग से संचालित करने के लिए जर्जर तार व पोल बदलने हेतु सुबह 7:00 से दोपहर 2 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी उपभोक्ताओं को अवगत कराया गया है कि वह अपने आवश्यक कार्य समय से निर्धारित समय के अनुसार निपटा लें उक्त आशय की जानकारी विद्युत विभाग करछना के अवर अभियंता सुशील कुमार यादव एवं सीनियर लाईन मैन इंद्र सेन सिंह द्वारा दी गई है।

## न्यूज झरोखा

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक को मार कर अधमरा कर दिया गया नाजुक हालत में एस आर एन में भर्ती



**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर पहले से मऊआइमा फ्लाइओवर ब्रिज पर बैठे कतिपय लोगों ने देल्हूपुर प्रतापगढ़ निवासी मोहम्मद जमील 25वर्ष पुत्र मोहम्मद नसीम रामपुर बजहा थाना देल्हूपुर पर कातिलाना हमला कर दिए। बताया गया है कि आठ माह पूर्व जमील से मान्धाता के सरदार नामक युवक से मार पीट हुई थी। बताया गया है कि उसी का बदला लेने के लिए सरदार अपने आठ दस साथियों के साथ मिलकर पहले से घात लगाकर मऊआइमा फ्लाइओवर ब्रिज पर जमील का इंतजार कर रहे थे।जैसे ही जमील मऊआइमा से निकला वैसे ही पुल पर घात लगाकर बैठे सरदार और उसके साथियों ने हमला बोल दिया। नाजुक हालत में पहले सीएचसी ले जाया गया। हालत नाजुक होने के कारण एस आर एन में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। उक्त घटना सोमवार को शाम की है।मऊआइमा पुलिस का कहना है कि उन्हें कोई तहरीर नहीं दी गई है।

### सहसों में सघन चेकिंग में पुलिस ने किया बाइकों का चालान

**सहसों।** प्रदेश शासन एवं प्रशासन के दिशा निर्देश पर अपराध को नियंत्रित करने तथा दुर्घटना को रोकने के लिए बुधवार शाम चौकी प्रभारी सहसों शिव प्रताप सिंह ने हमराहियों के साथ सहसों बाईपास एवं गोल चौराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। चौकी प्रभारी सहसों के अनुसार अपराधों पर नियंत्रण एवं नागरिक सुरक्षा के दृष्टिगत सघन चेकिंग चलाकर राजमार्गों, चौराहों एवं बाजारों में जाम की स्थिति बनाए रखने वाले बाइक, चार पहिया वाहन के साथ विभिन्न प्रकार के सामानों की बिक्री करने वाले ठेले वालों को चेतावनी दी गई। सघन चेकिंग अभियान में लगभग दर्जन भर बाईकों का चालान किया गया तथा सैकड़ो गाड़ियों की सघन तलाशी ली गई।

### हाथरस हादसे में दिवंगत हुए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

**सहसों।** क्षेत्र के शालिकराम दयाराम शास्त्री इंटर कॉलेज गुलालपुर में हाथरस में हुए भीषण हादसे में दिवंगत हुए लोगों के प्रति विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के तत्वावधान में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना एवं घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इस अवसर पर जिला संयोजक पवन पांडेय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण सामूहिक हादसा में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ दें। इस मौके पर आशुतोष तिवारी ज़िला उपाध्यक्ष, ज़िला मंत्री विनेक तिवारी, दीपक द्विवेदी सह मंत्री, आशुतोष जिला सह मंत्री एवं प्रियांशु तिवारी सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### दो अलग अलग गांवों में मार पीट कई जख्मी मुकदमा दर्ज.

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके जे दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर निवासनीय सीमा देवी पत्नी भगौती का आरोप है कि बकरी चराने के विवाद को लेकर उसकी पुत्री मोहनी को मारा पीटा गया।सीमा देवी ने भल्लर और उमाशंकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम रामनगर गंसियारी निवासनीय सत्ती देवी का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर बाल गोविन्द, अनिल कुमार, अमरेन्द्र ने मारे पीटे। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बारात में चाकू से हमला,एक का मौत ,मुकदमा दर्ज

**चाकू लेकर बारात में डांस करते दिखा था आरोपी**



**प्रयागराज, खीरी।** खीरी थाना क्षेत्र के बहरैचा गांव में मेजा थाना क्षेत्र के डुहिया परानीपुर थाना मेजा से बुधवार को बारात आई थी ' बारात में कहा जा रहा है कि पूर्व नियोजित तरीके से चाकू/छुरे से हमला कर सोनू 18 वर्ष पुत्र रमेश सिंह हत्या कर दिया गया । सूचना पर खीरी पुलिस पहुंची और जबरन सोनू के शव को उठा ले गई । वही गुरुवार को शव को खीरी पुलिस चीर घर भेज दिया ।इस भयावह घटना का क्षेत्र में गंभीर तरीके से चर्चा है। जानकारी के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के बहरैचा गांव में अंगद सिंह के बच्ची का विवाह, मेजा थाना क्षेत्र के डुधिया परानीपुर निवासी अशोक सिंह के भतीजे से तय हुआ था । जिसका बारात लगभग 10 बजे रात बहरैचा आई थी। जिसमें चर्चा है कि बाराती शराब के नशे में छूरा लहराते हुए डांस कर रहे थे ।डांस के दौरान छत पर महिला और युवतियां खड़ी थी ।जिसमें बाराती छत की ओर कंकड फेंक दिया था, जिसका घराती विरोध किए ।कहा सुनी हुआ ,फिर समझौता भी हो गया । रमेश सिंह ने बताया अचानक कुछ देर बाद शुभम सिंह पुत्र अशोक सिंह जो बाराती में आया था, अपने साथियो संघ मुझे और मेरे भाई तथा बेटे पर चाकू से कई वार करते हुए प्राण घातक हमला बोल दिया ' जिसमें मेरे बेटा शुभम का मौत हो गया । मेरा भाई मुकेश सिंह घायल हो गया मुझे भी गंभीर चोट लगा है ।

**कई थानों का फोर्स तैनात**

खीरी । खीरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बहरैचा गांव पहले से ही क्राइम हेतु जाना जाता है ।अभी कुछ समय पूर्व यहां पर एक घटना में खीरी पुलिस ने एक व्यक्ति को थाने उठा ले गई थी, जिसमें पुलिस पर आरोप लगा था कि थाने में ही थर्ड डिग्री प्रयोग में आरोपी का थाने में ही मौत हो गई थी ।शांति और बल का प्रयोग हेतु खीरी, घूरपूर,शंकरगढ़,कौंधियारा समेत कई पुलिस का फोर्स मौके पर तैनात किया गया है ।

**मौत के बाद बाराती फरार**

छुरे से हत्या करने के पश्चात सभी बाराती डर के भय से मौके से फरार हो गए ।घराती बारातियों से मौत का बदला हेतु रात भर ढूंढते रहे वहीं बाराती छुप छुप कर भागते । मृतक पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और पुलिस हत्यारे को बचाने में लगे रहे। ग्राम प्रधान राम जीत सिंह तथा भान सिंह मौके से फरार हैं ।आरोप है कि घराती पक्ष के लोग बारातियों का कई वाहन क्षतिग्रस्त कर दिए हैं। बताते चलें कि पंडित जी अभी तक दूल्हा और दुल्हन का विवाह नहीं करवा सकें। खीरी पुलिस के अनुसार शुभम समेत चार-पांच के विरुद्ध 103/109 इठर बनाम आरोपी का मुकदमा दर्ज किया गया है और कार्यवाई जारी है। इसी क्रम में खीरी थाना क्षेत्र के चैलारी में बीती रात बड्डे पार्टी में भी चाकू चल गया है जिसमें कुछ लोग घायल हुए हैं जिसका इलाज जारी है।

### पुण्यतिथि पर नमन के साथ याद किए गए विवेकानंद

**सहसों।** युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के तथावधान में सहसों कार्यालय पर एक गोष्ठी आयोजित कर लोगों ने स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करके निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हुए याद कर शत-शत नमन किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश केसरवानी ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने विचारों से लोगों की जिंदगी को रोशन करने वाले भारत के महा पुरुषों में से एक महान विचारक एवं वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद बेहद साधारण जीवन जीकर लोगों के बीच अपने सैद्धांतिक व आध्यात्मिक विचारों को रखते हुए एक अलग छाप छोड़ी तथा देश को विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया। उनके महान विचार हम सभी के लिए प्रेरणादाई है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा उन्होंने गुरु रामकृष्ण परमहंस का आशीर्वाद प्राप्त कर संन्यास धारण कर ईश्वर की खोज में निकले विवेकानंद ने पूरे विश्व को हिंदुत्व और आध्यात्म का ज्ञान देकर सनातन धर्म की व्याख?यान पूरे विश्व के सामने रखी। ऐसे महान आत्मा को हम सब एक बार फिर से शत-शत नमन करते हैं। इस मौके पर इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, डॉक्टर अमित यादव, शीलवंत सिंह, मनोज पांडे, शेरु केसरवानी, पिंटू केसरवानी, धर्मेंद्र सिंह एवं सौरभ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### डाक्टर सोने लाल पटेल का जन्म दिन बडी धूमधाम से मनाया गया

**मऊआइमा।** अपना दल कमेरावादी पार्टी के लोगों ने ग्राम शहाबपुर बाजार में डाक्टर सोने लाल पटेल की जन्म दिन बडे धूमधाम से मनाया।तथा डाक्टर सोने लाल पटेल के आदर्शों पर सभी ने चलने का संकल्प लिया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महा सचिव राम सिंह एडवोकेट, प्रदेश सचिव राम जतन, विधानसभा अध्यक्ष कन्धई लाल पटेल, व्यापार मंच अध्यक्ष नन्द लाल पटेल, प्रदेश सचिव इस्तियाक अहमद,जगत पटेल, कुंवर प्रताप पटेल आदि मौजूद थे।

### नैनी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त अर्जुनलाल भारतीया पुत्र स्व0 शंकरलाल भारतीया निवासी सरपतहिया एडीए। मुखबिर की सूचना पर एडीए मोड़ के पास थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।




## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों को टीका लगाकर नए सत्र का किया शुभारंभ

**मेजा।** दुर्गावती इण्टरनेशनल स्कूल एण्ड कालेज गोसौरा कला मेजा में बृहस्पतिवार को गर्मी की छुट्टियों के पश्चात एक बार पुन सत्र का शुभारम्भ पारम्परिक तरीके से बच्चों को शिक्षक और शिक्षिकाओं के द्वारा टीका लगाकर किया गया। इस दौरान स्कूल की प्रबन्धक डा० स्वतन्त्र मिश्रा एवं वाइस प्रिन्सिपल सृजन मिश्रा कोआर्डिनेटर, अंकुर, सर, हिमांशु सर, सत्यम सिंह, सरोज सिंह, जुवेरिया इनकार एवं समस्त शिक्षक व शिक्षिकाओ तथा बच्चों ने मिलकर विधि पूर्वक ब्राह्मणों द्वारा हवन करके विद्यालय का शुभारंभ किया। उल्लेखनीय है कि इतनी लम्बी छुट्टी के पश्चात स्कूल में वापस आकर बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बच्चे पढ़ाई के साथ साथ थोड़ा खेलकूद एवं मस्ती भी किया। स्कूल की प्रबन्धक महोदया ने बच्चों से यह अपील है कि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थिति दर्ज करायें तथा नवागन्तुक छात्रों के साथ मेल-जोल के साथ पढ़ाई करें। साथ ही साथ यह भी बताया है कि प्ले ग्रुप से वो एव आठ तथा दसवीं तक के बच्चों का प्रवेश भी प्रारम्भ है। स्कूल की प्रबंधक डा मिश्र ने यह भी कहा कि 15 जुलाई तक 50 प्रतिशत फीस माफ एडमिशन फीस लगेगी।

### पंखे से लटक कर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**करछना** प्रयागराज थाना क्षेत्र के महेवा ग्राम सभा में एक युवक ने घर के अंदर पंखे के चूल्हे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गांव निवासी शेष मणि यादव का 25 वर्षीय बेटा संजय कुमार यादव बीते कई वर्षों से बाहर रह रहा था। एक जुलाई को वह घर वापस आया था। बुधवार को क्रिकेट खेलने के लिए घर से निकला था। जहां से देर शाम लौटने पर खाना पीना करने के बाद रोजाना की तरह सोने के लिए कमरे में चला गया था। गुरुवार सुबह होने पर युवक देर तक बाहर नहीं आया। घर के स्वजनों ने उसे बुलाने गए लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आया। फिर खिड़की से झांककर देखा तो वह पंखे के चूल्ले के सहारे फंदे पर लटक रहा था। जिसे देख स्वजनों में रोना पीटना मच गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ जुंट गई। घर वालों ने घटना की जानकारी स्थानिक पुलिस प्रशासन को देते हुए दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया, जिसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर चौकी प्रभारी भीरपुर अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। जहां लिखा पढ़ी कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# लेखपाल संघ का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

**लेखपाल दंपति को पीटने का मामला**

**प्रयागराज।** जिले में लेखपाल दंपति को मारने-पीटने पर लेखपाल संघ दूसरे दिन धरने पर रहा. लेखपाल हरीश वर्मा उनकी पत्नी और साथ में हंडिया में तैनात लेखपाल वैशाली जायसवाल के साथ कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अवधपुरी कॉलोनी में मोटरसाइकिल हटाने को लेकर एक लाज संचालक द्वारा लेखपाल दंपति को पीट कर घायल कर दिया गया था जिसमें दोनों घायल हो गये.अस्पताल में भर्ती कराया गया पीड़ित वैशाली जायसवाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी. लेखपाल संघ का आरोप है कि आरोपी को पड़कर के छोड़ दिया गया.जिसमें नाराज लेखपाल संघ बुधवार से ही तहसील में कार्य बहिष्कार का निर्णय लिए हुए हैं.इस अवसर पर राजकुमार सागर, अवनीश पांडेय,प्रतीक पांडेय, रितुकेश श्रीवास्तव, राकेश यादव,राकेश मिश्रा, मुकुल, दुर्गा प्रसाद, रामकृष्ण मिश्रा, महेश मिश्रा, अंशुमान सिंह आदि लेखपाल उपस्थित रहे।



### जिलाधिकारी से मिले लेखपाल संघ पदाधिकारी

लेखपाल के पीटाई से नाराज उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष राकेश उपाध्याय ने जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल मिलकर अपनी बात को रखा.और यह मांग की कि आरोपियों पर जल्द से जल्द कार्यवाही की जाय.और लेखपाल को न्याय दिलाया जाय.

### लेखपाल का आरोप क्रास मुकदमें में पुलिस चाह रही फंसाना

लेखपाल हरीश वर्मा का कहना है कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही और हम लोगों को ही फंसाने में लगी हुई.लेखपाल संघ ने कहा आरोपियों को यदि गिरफ्तार नहीं किया जाता तो प्रयागराज के आठों तहसीलों में कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

## प्रयागराज में आसमान छू रही सब्जियों के दाम, आम लोगों का बिगड़ा बजट



**प्रयागराज।** बारिश का मौसम आते ही सब्जियों के भाव बढ़ने लगे हैं। प्रयागराज में सभी सब्जियों के दाम दो से तीन गुने बढ़ गए हैं। आलू के 50 रुपए किलो हो गया है वहीं हरी सब्जीयों के दाम तो आसमान छूने को बेकरार हो रही है । शिमला मिर्च के दाम में दोगुनी वृद्धि हुई है। हफ्ते भर पहले 60 से 80 रुपए किलो शिमला मिर्च बिक रहे थे वह अब120 रुपए किलो तक पहुंचा है। इसी तरह टमाटर की खपत ज्यादा होने से और बारिश के चलते इसके दाम भी आसमान छू रहां है। प्रयागराज में फुटकर दुकानदार टमाटर 80 रुपए किलो के हिसाब से बेच रहे हैं। इसी तरह हरी सब्जियों के दाम में भी अच्छी वृद्धि हुई है।

**परवल 80 तो प्याज 50 रुपए किलो** : फुटकर सब्जी विक्रेता राम सोनकर बताते हैं कि इन दिनों सब्जियों के दाम में ज्यादा वृद्धि हुई है । मंडी में हर सब्जियों के दाम बढ़े हैं। परवल के दाम बढ़कर 80 रुपए किलो और प्याज करीब 50 रुपए किलो में बिक रहे हैं। इसी तरह भिंडी 50 रुपए किलो, नेनुआ 40 रुपए और कद्दू 30 रुपए किलो है। तो वहीं लहसुन और अदरक की कीमतें तो लोगों के बजट से बाहर ही होते नजर आ रहे हैं दुकानदार बताते हैं कि कई जगहों पर बारिश की वजह से मंडी में सब्जियों की आवक कम हुई है। जिससे सब्जियों के दाम बढ़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि सब्जियों के भाव बढ़ने से ग्राहक आता है लेकिन रेट ज्यादा होने से बहुत कम मात्रा में सब्जियां खरीदता है।

**यमुनापार क्षेत्र के कई मंडीयों में सब्जियों के दाम बढ़ने से आम जनमानस परेशान** : यमुनापर क्षेत्र के प्रमुख मंडी जसरा मंडी ,नैनी और सिरसा कोरांव सहित कई मंडीयों में सब्जियों के दाम बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले सब्जी मार्केट में भी इसका बहुत ज्यादा असर पड़ा है जिससे क्षेत्र के बाजारों में बिकने वाले सब्जियों के दाम भी आसमान छूने लगी हैं जिससे लोगों को लोगों के थालियां से हरी सब्जियां गायब सी होती नजर आ रही है।

# शहीद नेब्बू लाल के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा व प्रतीभा सम्मान का किया गया आयोजन




**नैनी।** कानपुर बिकरू कांड में शहीद सब स्पेक्टर नेबूलाल बिंद के स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को भीटी हंडिया प्रयागराज में शहीद नेबूलाल बिंद स्मृति प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभाग किए गए 100 बच्चो को सम्मानित किया गया। ग्रुप (अ)में प्रथम द्वितीय तृतीय क्रमशःरचित खुशबू यादव,सचिन यादव रहे। और ग्रुप (इ) में प्रथम द्वितीय तृतीय क्रमशःसौरभ बिंद, अनुराग,निधि मौर्या ने स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे,पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश मौर्य,डा.आर के बिंद,डा.जे एस बिंद,डा.मिथीलेश बिंद,बच्चो को मेडल व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य के शुभकनाए दी। कार्यक्रम की आयोजक कर रहे शहीद नेबूलाल बिंद के पुत्र अरविन्द कुमार बिंद, हिमांशु बिंद ने किया। तथा अध्यक्षता कालिका प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में सहयोगी के रुप में ओम प्रकाश,विजय प्रकाश, जय प्रकाश, ड्रा राहुल बिंद, अजय बेलदार, रमन केवट, नंदलाल बिंद ,राहुल, एड.राकेश भारती,विजय बिंद,जोगेंद्र केवट,संजीव राव, धर्मेंद्र सर,अमर सहनी ,लक्ष्मण बिंद,सुरेश बिंद, विकास,भानु,ममता,पूनम,सुनील विधार्थी, आदी लोगों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया।

## आरएसएस कार्यकर्ता को व्हाट्सएप पर मिली जान से मारने की धमकी दी गई थाने में तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के एक आरएसएस पदाधिकारी को व्हाट्सएप पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मरखामऊ गांव निवासी दिनेश कुमार मौर्य पुत्र स्व. राम सुमेर मौर्य राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला धर्म जागरण प्रमुख हैं। दिनेश मौर्य काआरोप है कि मंगलवार को दोपहर उनके व्हाट्सएप पर ऑडियो काल कर के धमकी देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने थाने पहुंचकर उस नंबर पर अज्ञात में तहरीर दी है। पुलिस मोबाइल नंबर के आधार जांच पड़ताल में जुट गई हैं। बताया गया कि इस के पुर्व जनवरी 2021 में उनके ऊपर गोली चलाई गई थी तथा अप्रैल 2023 में उनके आवास पर बम फोड़ कर जानलेवा हमला किया गया था। परिजनो में दहशत का माहौल है।

# अधम उद्धारक हैं कृष्ण : पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल





**नैनी।** नैनी पी डी ए कॉलोनी, स्थित चंद्रलोक गेस्ट हाउस में कथा व्यास भारत सरकार द्वारा सम्मानित हिंदी के प्रकांड विद्वान एवं श्रीमद् भागवत कथा मर्मज्ञ पं राजेंद्र प्रसाद शुक्ल ने कृष्ण जन्म समारोह, अघासुर, बकासुर एवं पूतना वध की कथा सुनाई। कथा स्थल पर आज भी कृष्ण जन्म समारोह की धूम रही। सोहर गाए गए। नृत्य हुआ। जन्म समारोह के उपरांत व्यास जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बकासुर, अघासुर एवं पूतना वध की कथा सुनाई। कंस ने इन सभी राक्षसों को बाल कृष्ण का वध करने के लिए भेजा था किंतु कृष्ण ने सभी को समाप्त कर दिया। बगुला रूपी बकासुर, अजगर रूपी अघासुर का वध कृष्ण ने उनके उदर में प्रवेश कर उदर चीर कर कर दिया। कृष्ण को मारने के लिए पूतना अपने वक्ष स्थल पर विष लगा कर आई थी। जैसे ही उसने कृष्ण को गोद में लेकर विष पान कराना चाहा, कृष्ण ने उसका दूग्ध पान करते-करते उसका प्राणांत कर दिया` पूतना ने मां बनकर कृष्ण को दूध पिलाया था। उसका यह मातृ भाव कृष्ण को भा गया और उन्होंने उस राक्षसी पूतना को देव- दुर्लभ सद्गति प्रदान की। कथा के मुख्य यजमान पी के पांडे एवं डा. अभय नारायण सिंह ने सपत्नीक भगवान की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, पूर्व जिला जज वीरेंद्र सिंह, रामबाबू नेता, विनोद शंकर तिवारी, कृपा शंकर तिवारी, सुरेंद्र कुमार दुबे, प्रमोद मिश्रा, करुणा कांत तिवारी, गुलाबा देवी, बबीता मिश्रा, आर के सिंह, राधेश्याम केसरवानी, प्रेम शंकर तिवारी एवं भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री ने नलकूप, नहरों, जल जीवन मिशन बाढ़ से सम्बंधित अधिकारियों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश रामकेश निषाद गुरुवार को सर्किट हाउस के सभागार में नलकूप, नहरों, जल जीवन मिशन, बाढ़ से सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री जी ने नलकूपों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिशाषी अभियंताओं को यांत्रिक एवं विद्युत दोष से खराब नलकूपों को तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिए है। मंत्री जी ने कहा कि इस समय धान की रोपाई का कार्य चल रहा है, ऐसी स्थिति में सभी नलकूप अनिवार्य रूप से क्रियाशील रहे। उन्होंने ई-खसरा तैयार करने, जिसमें नलकूपों एवं नहरों से सिंचित क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उसे अद्यतन किये जाने का निर्देश दिया है। मंत्री जी ने नहरों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बंधित विभाग के अभियंताओं को रोस्टर के अनुसार नहरों में टेल तक पानी की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए है। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी प्राप्त की व कार्यों को समय से एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता खराब पाये जाने पर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए पेनाल्टी की भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने टंकियों के निर्माण एवं कितने ग्रामों में अभी तक पाइप लाइन के माध्यम से पानी की आपूर्ति हो पायी है, इसकी जानकारी लेते हुए कार्य में तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। सम्भावित बाढ़ से निपटने हेतु सिंचाई विभाग के द्वारा की गयी तैयारियों के बारे में जानकारी लेते हुए मंत्री जी ने स्लूज गेटों को ठीक कराने एवं पम्पों को क्रियाशील स्थिति में बनाये रखने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग का कंट्रोल रूम बनाने एवं जिला प्रशासन से समन्वय बनाते हुए सभी तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने एवं निरंतर सतर्कता बनाये रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंत्री ने खराब नलकूपों को तत्काल ठीक कराये जाने के दिए निर्देश

रोस्टर के अनुसार नहरों में टेल तक पानी की उपलब्धता बनाये रखने के दिए निर्देश

जल जीवन मिशन से सम्बंधित परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाये जाने तथा कार्य की गुणवत्ता खराब पाये जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के दिए निर्देश

बाढ़ से निपटने हेतु सिंचाई विभाग के द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित किए जाने के दिए निर्देश



## इरफान सोलंकी ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में दाखिल की अपील, ट्रायल कोर्ट के फैसले को दी चुनौती

**प्रयागराज।** कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा के निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रायल कोर्ट से मिली सात साल की सजा को चुनौती दी है। अपील में दोषी ठहराए जाने व सजा सुनाए जाने के फैसले को रद्द करने की मांग की है। साथ ही अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाने व जमानत देने की गुहार लगाई है। न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की सिंगल बेंच अगले सप्ताह से अपील पर सुनवाई कर सकती है। अपील पर उनके अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय पक्ष रखेंगे। इरफान को यदि हाईकोर्ट से राहत मिलती है तो उनकी विधानसभा की सदस्यता भी बहाल हो जाएगी। कानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने इरफान और रिजवान को सात साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों भाइयों को जाजमऊ आगजनी कांड में तीन जून को दोषी ठहराया था।



## तीर्थराज प्रयाग में बड़ा उदासीन अखाड़े ने किया प्रवेश

**अखाड़ों के प्रवेश का दौर हुआ शुरू, जनवरी में अखाड़ों की होगी पेशवाई**

**प्रयागराज।** कुम्भनगरी प्रयागराज में गुरुवार को बड़ा अखाड़ा उदासीन के रमता पंच ने पंच परमेश्वर के साथ प्रवेश किया। रमता पंच परमेश्वर के सभी सन्त अब कुंभ के शुरू होने तक इसी अखाड़े में प्रवास करेंगे। रमता पंच का लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। जनवरी 2025 में यूपी के प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे आस्था के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन कुम्भ का आगाज होने में अब कुछ ही समय बाकी है इस बीच अखाड़ों के नगर प्रवेश का सिलसिला शुरू हो गया है। पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन से गुरुवार को इसकी शुरुआत हो गई बिहार राज्य से चलकर गुरुवार को इस अखाड़े के रमता पंच अपने अस्थायी मुख्यालय कीडगंज में ठहर गए। अखाड़ों का नगर प्रवेश का सिलसिला पूरा होने के बाद अब इसका का ध्यान कुम्भ क्षेत्र में अपनी अपनी छावनियों के प्रवेश पर होगा जिसे पेशवाई कहा जाता है पेशवाई के पहले अखाड़े कुम्भ क्षेत्र में अपनी एक विशालकाय धर्म ध्वजा लगाते है ताकि देश दुनिया से कुम्भ क्षेत्र में पहुचने वाले अखाड़े के सदस्य और श्रद्धालु दूर से उसे देखकर अखाड़ों की छावनी तक पहुच जायें अखाड़ों के कुम्भ में प्रवेश के बाद ही अखाड़े शुरू कर देते है उस खास अवसर की तैयारी जिसके लिए वह अपने अपने आश्रमों को छोड़कर कुम्भ क्षेत्र में आते है।

# रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर से 52.30 लाख की ठगी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर से 52.30 लाख की ठगी कर ली गई। साइबर ठगों ने रिटायर्ड पुलिसकर्मी का सारा डेटा जमा किया हुआ था। उनकी फोटो, दस्तावेज पहले से थी। इसके बाद कस्टम कमिश्नर, सीबीआई अफसर बनकर कई लोगों ने बात की। बताया कि मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी की विभिन्न धाराओं में दिल्ली के वसंत कुंज थाने में केस दर्ज है। कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट, संपत्ति जब्ती के आदेश जारी हो चुका है। कार्रवाई के सारे दस्तावेज, फोटो और लेटर हेड तक दिखाए। यहां तक कहा कि आदेश की प्रति अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड है।

**कोर्ट, विभाग की फर्जी वेबसाइट पर दस्तावेज दिखाए :** शातिरों ने रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्ट को वेबसाइट तक दी। कोर्ट के आदेश की प्रति के लिए ऑनलाइन वेबसाइट खुलवाई। वेबसाइट पर बताए गए सारे आदेश मौजूद थे। ऐसे में रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर डर गए। उन्होंने अपने बैंक खातों समेत सारी जानकारी दे दी। इसके बाद जालसाजों ने 52. 30 लाख रुपए कई खातों में ट्रांसफर करा लिए। कई खातों से खुद ट्रांसफर किए।ठगी का शिकार हुए रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर को कई दिन बाद एहसास हुआ कि कुछ गड़बड़ है। अब मामला साइबर क्राइम पुलिस के पास पहुंचा है। टीम जांच में जुटी है। कर्नलगंज के रहने वाले श्रीनाथ रिटायर्ड आईबी इंस्पेक्टर पद से रिटायर्ड हुए हैं। उन्होंने साइबर सेल में तहरीर दी है कि उनके पास कई नंबरों से लगातार कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम सुमित मिश्र बताते हुए खुद को कस्टम कमिश्नर बताया। दिल्ली एयरपोर्ट पर मौजूदगी बताई। इसके बाद कहा गया कि आपने कुछ एटीएम कार्ड, जाली पासपोर्ट वाला पार्सल दिल्ली से कुआलालंपुर भेजा है। उन्होंने मना कर दिया तो उसने अपने साथी को फोन देकर कहा कि सीबीआई अधिकारी बात करेंगे। उसने अपना नाम सुनील कुमार बताया। उसने भी डराने की कोशिश शुरू की। मना करने पर आधार कार्ड की फोटो भेजने के लिए कहा। इसके बाद श्रीनाथ पर लगे आरोपों का प्रिंट व्हाट्सएप पर भेजा।

**कई लोगों ने अफसर बनकर की बात :** फिर एक सीबीआई अधिकारी अनिल यादव से बात कराई गई। अनिल यादव ने कहा कि आपके खिलाफ मानव तस्करी, मनी लांड्रिंग का केस विभिन्न धाराओं में वसंत कुंज थाने में पंजीकृत था। इस मामले में कोर्ट से अरेस्ट वारंट, संपत्ति जब्ती का आदेश हो चुका है। श्रीनाथ ने आरोपों को निराधार बताया तो उन्हें जेल भेजने की बात कही गई। इस पर शातिरों ने कोर्ट की एक वेबसाइट बताई। श्रीनाथ ने वेबसाइट पर चेक किया तो सारे आदेश उनके खिलाफ शो कर रहे थे। इस पर वह परेशान हो गए। इसके बाद शातिर ने पूरी संपत्ति, बैंक खाते, एफडी, म्यूच्युल फंड की जानकारी ले ली। फिर अनिल यादव ने 20 लाख की एफडी, 22 लाख 30 हजार के म्युच्युल फंड का पैसा और 10 लाख रुपये जमानत के लिए कई किस्तों में विभिन्न खातों में आरटीजीएस के माध्यम से स्थानांतरित करवा लिए। बाद में श्रीनाथ ने जांच की तो पता चला कि वह ठगी के शिकार हुए हैं। इस पर साइबर क्राइम थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस नाम और मोबाइल नंबर के आधार शातिरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

## भाई को टिफिन देने निकले युवक की यमुना में मिली लाश

**प्रयागराज।** कीडगंज में पूरावल्दी निवासी चालीस वर्षीय संदीप निषाद का शव यमुना नदी में उतराते हुए मिला। दारागंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह घर से अपने भाई को टिफिन देने निकला था। संदीप निषाद अपने भाई के साथ झुंसी में प्राइवेट नौकरी करते थे। पुलिस के मुताबिक परिजनों ने बताया कि बुधवार को वह घर से भाई को टिफिन देने निकला था। लेकिन रास्ते में किसी भाई को टिफिन भेज दिया और वह संगम पहुंच गया। इसके बाद उसका शव किलाघाट के पास यमुना में उतराते हुए मिला। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। सूचना पर घरवाले पहुंचे। संदीप की मौत से घरवाले गम में डूबे हैं।

# छात्रों ने फूंका विधायक बेदीराम का पुतला



**प्रयागराज।** लगातार हो रहे पेपर लीक मामले को लेकर प्रयागराज के छात्रों में नाराजगी है। आक्रोशित समाजवादी छात्रसभा के कार्यकताओं ने आज गुरुवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रसंघ भवन के बाहर जमकर विरोध और नारेबाजी की। साथ ही सुभासपा के विधायक बेदीराम का पुतला भी फूंका। दरअसल, बेदीराम का नाम कथित तौर पर कई पेपर लीक की घटनाओं में सामने आया था। तथा हाल ही में एक वीडियो क्लिप भी इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हो रही था। इसके आधार पर उन्हें शिक्षा माफिया और पेपर लीक का मास्टर माइंड मानकर छात्रसभा के लोगों ने विरोध दर्ज कराया। कार्यकताओं ने सरकार को भी घेरा, कहा कि सरकार सुभासपा के साथ गठबंधन होने के कारण बेदीराम को बचा रही है।छात्र सभा मीडिया प्रभारी अनुराग चौरसिया का कहना है कि विगत वर्षों से पेपर लीक मामले को देखते हुए समाजवादी छात्र सभा के लोगों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ भवन गेट के सामने जम कर नारे बाजी की। बेदी राम पेपर लीक माफिया का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि प्रतियोगी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें।उनको भी अपनी इच्छा पूरी करने दे भाजपा की मोदी सरकार पेपर लीक माफियाओं को संरक्षण देना बंद करें कुछ छात्रों का कहना है कि जब चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री और मन्दिर में घंटा बजाने वाला मुख्यमंत्री अगर आगामी आने वाले वर्षों में रहे सरकार ना बदली तो भारत का बंटा-धार होना तय है और जो ये गरीब घर के बच्चे अफसर बनने का स्वप्न देखे हैं।उनका सपना-सपना ही रह जाएगा और जो बीजेपी के अंध भक्त बने हुए है सचेत हो जाए पांच किलो राशन के भरोसे ना रहे अगर अभी विरोध नही किए तो आगामी वर्षों में अगर विरोध करेंगे तो जिंदगी जेल में कटेगी! इस मौके पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियांशु विद्रोही, इकाई अध्यक्ष गौरव गोंड, विकास यादव, अनुराग यादव, निखिल सिंह, आशुतोष मौर्य, आलोक तिवारी, इष्टदेव, अनुराग चौरसिया, विपिन निषाद इत्यादि छात्र मौजूद रहे।



## हाईकोर्ट समाचार

## अफजाल अंसारी मामले में हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के भाई सांसद अफजाल अंसारी मामले में गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सभी पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं। सभी को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। दरअसल, कृष्णानंद राय मर्डर केस में गाजीपुर कोर्ट ने अफजाल अंसारी को 4 साल की सजा सुनाई थी। इसे रद्द करने के लिए अफजाल की तरफ मांग की गई। वहीं, शिकायतकर्ता पीयूष राय और सरकार ने भी सजा बढ़ाने जाने की अपील की है। मामले में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है।

**राज्य सरकार की ओर से आपत्ति दाखिल हुई है :** इस मामले में राज्य सरकार की ओर से भी आपत्ति का जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। इसी वजह से कोर्ट ने अब इस मामले पर बुधवार तीन जुलाई को सुनवाई तय की है। मूल केस पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह अपील की सुनवाई कर रहे है। अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति की गई है कि गैंगस्टर एक्ट में दो से दस साल की सजा का प्रावधान है। विशेष अदालत गाजीपुर ने चार वर्ष की कैद व एक लाख के जुमार्ने की सजा सुनाई है। इसलिए सजा बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है।

**अफजाल अंसारी ने 1 जुलाई को ली शपथ :** सांसद अफजाल अंसारी चुनाव जीत गए हैं। सोमवार को उन्होंने लोकसभा स्पीकर के सामने लोकसभा में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ऐसे में कोर्ट के फैसले पर सबकी निगाहें हैं। गाजीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट ने अफजाल अंसारी को छोटे भाई मुख्तार अंसारी के साथ गैंगस्टर मामले में 4 साल की सजा सुनाई थी। 1 मई 2023 को कोर्ट के इस फैसले के 56 घंटे बाद उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई थी। तब वह बसपा से गाजीपुर सांसद थे। इसके बाद अफजाल ने सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की, जहां से उनको जमानत तो मिली, लेकिन सजा से राहत नहीं।राज्य सरकार की तरफ से सजा बढ़ाने की मांग में दाखिल अपील पर अफजाल अंसारी के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने आपत्ति दाखिल की है। मूल केस पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने अंसारी को आपत्ति दाखिल और बहस करने के लिए तीन जून की तिथि नियत की थी। लेकिन, तब सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह अपील पर सुनवाई कर रहे हैं। अब इस मामले में फैसला सुनाया जा सकता है।

**अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति हुई :** अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति की गई है। गैंगस्टर एक्ट में दो से 10 साल की सजा का प्रावधान है। विशेष अदालत गाजीपुर ने चार वर्ष की कैद व एक लाख के जुमार्ने की सजा सुनाई है। इसलिए सजा बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। असल में अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के मामले में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने चार साल की सजा सुनाई है, जिसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने अपील दाखिल की है।अपील में सजा को रद्द करने की मांग की गई है। विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड के आधार पर मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी और एजाजुल हक पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया था। हाईकोर्ट ने पूर्व में अफजाल अंसारी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इस पर अफजाल अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर स्थगनादेश देते हुए हाईकोर्ट को अपील का निस्तारण 30 जून तक करने का निर्देश दिया।

**पिछली सुनवाई में काफी देर तक चली थी बहस :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर लगातार सुनवाई चल रही है। 23 मई को करीब तीन घंटे तक सुनवाई में कोर्ट में राज्य सरकार की तरफ से पक्ष रखा गया था। राज्य सरकार और पीयूष राय की तरफ से अफजाल अंसारी की सजा बढ़ाने की मांग को लेकर याचिकाएं दाखिल की गई हैं। अफजाल अंसारी की अपील पर जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है।

# वर्षा ऋतु तथा कावड़ यात्रा के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने किया घाटों तथा पंम्पिग स्टेशनों का निरीक्षण



**प्रयागराज।** वर्षा ऋतु के दृष्टिगत तथा आगामी कावड़ यात्रा के दृष्टिगत नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्रमोहन गर्ग द्वारा गुरुवार को प्रयागराज नगर के बख्शी बॉध बाढ़ पम्पिंग स्टेशन एवं मोरी गेट बाढ़ पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया इस दौरान कुमार गौरव, महाप्रबन्धक जलकल विभाग, संघ भूषण, अधिशासी अभियन्ता जोन-4 एवं मिथिलेश कुमार पाल, परियोजना प्रबन्धक सी0 एण्ड डी0एस, नगर निगम के जोनल अधिकारी तथा अवर अभियन्ता उपस्थित रहे । निरीक्षण के दौरान बक्शी बांध बाढ़ पम्पिंग स्टेशन पर डीजल एवं इलेक्ट्रिक पम्पों को संचलित कराकर देखा गया जिसमें सभी पम्प क्रियाशील पाये गये। नगर आयुक्त द्वारा बक्शी बाध बाढ़ पम्पिंग स्टेशन कैम्पस की सफाई कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ताा जोन-4 को निर्देशित किया गया।मोरी गेट बाढ़ पम्पिंग स्टेशन निरीक्षण के दौरान स्टेशन की क्षमता बढाये जाने हेतु पुराने अधिष्ठापित 10 क्यूसेक क्षमता के 02 नग एवं 05 क्यूसेक क्षमता के 01 नग इलेक्ट्रिक पम्पों के स्थान पर 17 क्यूसेक क्षमता के 03 नग इलेक्ट्रिक पम्प परियोजना प्रबन्धक सी0 एण्ड डी0एस0 के माध्यम से अधिष्ठापित करये जा रहे है, जिसके सम्बन्ध में किसी तकनीकी एक्सपर्ट आकिटेक्ट से परीक्षण कराते हुये नये पम्पों के अघिष्ठापित कराये जाने हेतु महाप्रबन्धक जलकल विभाग को निर्देशित किया गया, साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि सभी अस्थाई एवं स्थाई पंम्पिग स्टेशनों चेक करा लें किसी प्रकार की प्रकारी की मरम्मत आदि की आवश्यकता हो तो तत्काल कार्यवाही अलम में लाते हुए रिर्पोट प्रेषित करें। कावड़ यात्रा के दृष्टिगत नगर आयुक्त द्वारा दशासुमेर घाट के निरीक्षण किया गया इस दौरान अवर अभियन्ता, जोलन अधिकारी, पशुचिकित्सा कल्याण अधिकारी तथा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि घाट पर साफ-सफाई नियमित रूप से करायी जाए साथ ही चेन्जिंग रूम तथा विद्युत की व्यवस्था सुचारू रूप से कराया जाए। साथ ही पशुचिकित्सा कल्याण अधिकारी को प्रतिबन्धित तथा आवारा पशुओं को धरपकड तथा घाट पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश अपर नगर आयुक्त को दिये गये।प्राथमिक विद्यालय दारगंज के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के छत पर सीलन पायी गयी। जिसके लिए मुख्य अभियन्ता तथा अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया समबन्धित फर्म पर जुमार्ना किये जाने के निर्देश दिये गये।

# विशेष पुलिस अधिकारी पुलिस मित्र के कार्यकर्ताओं ने युवक की बचाई जान

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी चीनी मिल मालगोदाम के पास शराब के नशे में धुत युवक नाले में गिर गया। खबर मिलते ही एसपीओ टीम के कार्यकर्ता रामजी जायसवाल दीपक जायसवाल पंकज मलिक हाइड्रा को बुलाकर युवक को नाले में से निकलवाया तथा 112 को फोन किया मौके पर एम्बुलेंस बुलाकर चाका ब्लाक में उसको एडमिट करवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह एवं उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली ने एसपीओ टीम के ऐसे सक्रिय सदस्यो की प्रशंशा व सराहना किया।





## न्यूज झरोखा

## पूनम मिश्रा ने मुक्त विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की नियमित वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा ने आज कार्यभार ग्रहण कर लिया। उत्तर प्रदेश वित्त एवं लेखा सेवा संवर्ग समूह क की अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा इसके पहले सुपर स्पेशियलिटी बाल चिकित्सालय, नोएडा में कार्यरत थी। विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने श्रीमती मिश्रा का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय को पूर्णकालिक वित्त अधिकारी मिलने से विश्वविद्यालय के रुके हुए कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। संस्था के विकास के लिए वित्तीय अनुशासन पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, जिस पर नवागत वित्त अधिकारी पूरा ध्यान देंगी।विश्वविद्यालय में पूर्णकालिक वित्त अधिकारी नियुक्त करने पर कुलपति ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की नवनियुक्त वित्त अधिकारी श्रीमती पूनम मिश्रा ने कुलपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में वित्तीय शुचिता का पूर्ण ध्यान रखते हुए विश्वविद्यालय के विकास में हर संभव योगदान करेंगी। इस अवसर पर नवागत वित्त अधिकारी का स्वागत विश्वविद्यालय के निदेशक, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक,अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने किया।

## बंद मकान में नगदी समेत लाखों के जेवर चोरी



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के एडीए कॉलोनी में रहने वाले संतोष कुमार इलेक्ट्रीशियन हैं। संतोष ने बताया कि वह दो जून को परिवार समेत आजमगढ़ स्थित अपने गांव गए थे। गुरुवार को पड़ोसियों से सूचना मिली कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। संतोष नैनी पहुंचे और पुलिस को चोरी की सूचना दी। संतोष के मुताबिक घर में रखे 10 हजार रुपये नकद समेत सोने-चांदी के करीब आठ लाख कीमत के जेवरात चोरों ने पर कर दिए। घर से कुछ दूर पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में तीन से चार नकाबपोश भोर में दिखाई दे रहे है।

## कैंपस प्लेसमेंट में 40 अभ्यर्थियों का हुआ चयन



**नैनी।** नैनी गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी टेनेको ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हरियाणा मौजूद रही। कंपनी प्रतिनिधि के रूप में साक्षी सिंह और सत्यम चौरसिया उपस्थित थे। कैम्पस प्लेसमेंट में कुल 64 लोगो ने प्रतिभाग किया। जिसमे साक्षात्कार के आधार पर 40 अभ्यर्थियो का चयन हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप से प्लेसमेंट प्रभारी अजय कुमार, सहायक प्लेसमेंट प्रभारी शहजाद अहमद खान, मोहम्मद मुस्तफिज सिद्दिकी, मोहनीश कुमार, मोहम्मद आदि मौजूद।

# मजबूती के साथ सांगीपुर ब्लाक को मिलेगा मॉडल विकास का दर्जाः मोना

## सात करोड़ की लागत की विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र पंचायत समिति की गुरूवार को हुई बैठक में सात करोड़ की लागत से जुडी ग्रामीण विकास योजनाओं पर आम सहमति से मुहर लगी। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की विशिष्ट मौजूदगी में ब्लाक में ग्रामवार विकास कार्यो से जुड़े प्रस्ताव सर्वसम्मत से अनुमोदित हुआ तो सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा।



बीडीसी की बैठक को संबोधित करते सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक एवं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विकास को मॉडल स्वरूप देने के लिए वह राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के सहयोग से ब्लाक में आधारभूत संरचना के ढ़ांचे को सुदृढ़ बनायेगी। उन्होनें कहा कि सरकारी सीमित संसाधनों के बीच ब्लाक को मॉडल विकास के लिए जरूरत पड़ने पर वह अपनी विधायक निधि से जनता से जुडी महत्वाकांक्षी ग्रामीण परियोजनाओं को संतृप्त करेंगी। उन्होनें पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि वह सांगीपुर ब्लाक को विकास का आदर्श ढांचा सौपने के लिए स्वास्थ्य तथा पेयजल एवं विद्युत व शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं की निरन्तरता के लिए जागरूकता भरी भूमिका का निर्वाहन करें। इस मौके पर जिपंस अरविन्द सिंह, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी, बीडीसी सदस्य मनोज शुक्ला, प्रधान नीरज सिंह आदि मौजूद रहे। संजय बघेल ने आभार प्रदर्शन किया।

### धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, पति-पत्नी को लिया हिरासत में

**पट्टी, प्रतापगढ़।** धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस में पति-पत्नी को हिरासत में ले लिया। इस दौरान उनके पास बाइबल की किताबें भी मिली है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के गोई गांव की पुष्पा देवी पत्नी फूलचंद के घर गुरुवार को धर्म परिवर्तन के लिए कंधई थाना क्षेत्र के लौवार गांव से एक दांपत्य पहुंचा और पुष्पा के घर के बच्चों को बाइबल की किताबें व पैसे की लालच देकर धर्म परिवर्तन करना चाह रहा था।इसकी जानकारी पड़ोस के एक युवक को हुई तो उसने उसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद बंजरग दल के विमल सिंह को दी। इस दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।मौके पर पहुंच विमल सिंह ने इसकी सूचना थानाध्यक्ष दिलीपपुर को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस पति-पत्नी को हिरासत में लेकर थाना चली गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि सूचना पर पुलिस गईं थीं मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपाईयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

## संगोष्ठी में अतिथियों ने रखे अपने-अपने विचार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानवता के उपासक, प्रखार राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति में भाजपा प्रतापगढ़ द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति सदस्य विधान परिषद इं अवनीश सिंह, जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार रखे।


संगोष्ठी में बोलते मुख्य अतिथि।

अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को बंगाल के कलकत्ता में हुआ था। आजादी के बाद संविधान के लागू होने के बाद तत्कालीन कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान में धारा 370 जोड़कर राष्ट्रीय अखंडता को गंभीर चोट पहुंचाने का प्रयास किया था। मुख्य अथिति इं अवनीश सिंह पटेल ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही कश्मीर को लेकर एक नारा दिया था, नहीं चलेगा एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री राजेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक सरोज, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, राम लखन प्रजापति, दिनेश दिन्नु, आलोक सिंह, अंकित तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष भूपेश त्रिपाठी ने किया। उक्त जानकारी जिला सह मीडिया प्रभारी देवेश त्रिपाठी ने दी।

## सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौके पर मौत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद निवासी नौशाद (18) सूरत में अपने भाई शहबान के साथ रहकर इलेक्ट्रिक का काम करता था। एक माह पूर्व शहबान की शादी में शामिल होने के लिए शहबान व नौशाद घर आए। सप्ताह भर पहले शहबान सुल्तानपुर जनपद के चांदा बाइक से गया था। जहां पर दुर्घटना होने से उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी। क्षतिग्रस्त बाइक बनवाने के लिए जनपद के मोहनगंज बाजार में दिया था। बुधवार को नौशाद बाइक लेने मोहनगंज बाजार गया था। वहां से बाइक लेकर वह मदाफरपुर मुरैनी होकर सैफाबाद वापस जा रहा था। शाम लगभग 7.30 बजे जैसे ही वह तातो मुरैनी सैफाबाद मार्ग के विष्णुपुर गांव के समीप पहुंचा। किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान वाहन चालक मौका देखकर वाहन लेकर फरार हो गया। सड़क पर घायल पड़े नौशाद के पास आसपास के लोग पहुंचे तो देखा नौशाद की सांस थम गई थी। सूचना घर वालों को मिली तो हुए भी मौके पर भाग कर पहुंचे और रोने भी बिलखने लगे।

# आपदा एवं बाढ़ की समस्या से निपटने हेतु नागरिकों को जागरूक होने का आवाहनः डीएम

## मॉकड्रिल अभ्यास का हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने जनपद के आमजन मानस का आवाहन किया कि वे आपदा एवं बाढ़ से बचाव हेतु एनडीआरएफ टीम वाराणसी के प्रदर्शन को संज्ञान में लेते हुये जागरूक हो जिससे बाढ़ की समस्या उत्पन्न होने पर बचाव किया जा सके। जिलाधिकारी आज यहां माँ बेल्हा देवी घाट पर टेबल टॉप एक्सरसाइज एवं मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम के आयोजन पर अपने उद्गार व्यक्त किये।


मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में बोलते डीएम संजीव रंजन।

जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं 11वीं बटालियन वाराणसी एनडीआरएफ वाराणसी के संयुक्त तत्वाधान में बाढ़ की तैयारियों के दृष्टिगत बाढ़ आपदा विषय पर माँ बेल्हा देवी घाट पर टेबल टॉप एक्सरसाइज एवं मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी संजीव रंजन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, डिप्टी कमाण्डेट वाराणसी राम भवन सिंह यादव, जिला कमांडेन्ट होमगार्ड डा0 धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के अलावा राजकीय इण्टर कालेज व तिलक इण्टर कालेज के छात्र-छात्रायें, एन0वाई0के0, एन0सी0सी0 कैडेट व अन्य एनजीओ के द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कमाण्डेट वाराणसी राम भवन सिंह यादव व एनडीआरएफ निरीक्षक इन्द्र देव कुमार द्वारा विभिन्न आपदाओं के सम्बन्ध में बचाव हेतु विस्तृत जानकारी दी गयी। मॉकड्रिल अभ्यास कार्यक्रम में एलपीजी सिलेण्डर में अचानक आग लगने से कैसे बचा जाये डेमो के माध्यम से करके दिखाया गया और बताया गया कि सिलेण्डर में आग लग जाने से गिला चादर, गीला बोरा, फायर अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करके आग से बचा जा सकता है।

## अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर लड़के ने किया दुष्कर्म

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा इलाके की रमगढा गांव की रहने वाली एक लड़की की मां थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी 17 वर्षीय लड़की के साथ पड़ोस में रहने वाले लड़के ने 29 जून की रात को जबरन मेरी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाया। मिली जानकारी के अनुसार लड़की के पड़ोस में रहने वाले लड़के ने लड़की से पहले शारीरिक संबंध बनाया फिर उसका विडियो बना लिया, जिसके बाद लड़की दिल्ली चली गई। कुछ महीने बाद जब लड़की दिल्ली से घर पर वापस आई तो लड़का उस पर शारीरिक संबंध बनाने का फिर से दबाव बनाने लगा। मना करने पर फोटो विडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। 29 जून की रात्रि को लड़की अपने मां के साथ घर के बाहर सोई हुई थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला लड़का लड़की से दुष्कर्म किया। आसपुर देवसरा की पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर पाक्सो एक्ट सहित पिता पुत्र को कई गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

# इग्नू की परीक्षा में चार परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के एमडीपीजी कॉलेज स्थित इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) अध्ययन केंद्र प्रतापगढ़ में इग्नू की सत्रांत जून 2024 की परीक्षा चल रही है। परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र, इग्नू के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह एवं काउन्सेलर डॉ सीएन पांडेय द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों द्वारा शुचितापूर्ण परीक्षा दी जा रही है। परीक्षा केंद्र के अधीक्षक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि आज की परीक्षा में बीए, एमबीए, एमएससी और एकल विषय


परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य व शिक्षकगण।

स्नातक के छात्र सम्मिलित हुए। द्वितीय सत्र में 14 छात्र उपस्थित हुए और 04 छात्र अनुपस्थित रहे। इग्नू काउन्सलर डॉ सीएन पांडेय ने बताया कि जून सत्र में प्रतापगढ़ केंद्र पर परीक्षा में प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर और जौनपुर ज़िले के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। यह परीक्षा 13 जुलाई तक चलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इग्नू में जुलाई सत्र के लिये प्रवेश प्रारंभ है। इच्छुक छात्र अध्ययन केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्रकृति बचाने के लिये पौधरोपण जरूरीः डा0 नीरज

## दहिलामऊ व कम्पनी बाग में किया पौधरोपण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की शुरुवात गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सदर विधानसभा क्षेत्र के दहिलामऊ वार्ड के दहिलामऊ बूथ संख्या-79, 80, 81 से की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर के दहिलामऊ वार्ड स्थित कंपनी बाग पहुंचकर पूर्व प्रधानमन्त्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी जी की याद में पौधा रोपण का कार्य शुरू किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण को बचाने


कम्पनी बाग में पौधरोपण करते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज।

और प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है, प्रति बूथ एक वृक्ष लगाने के लिए जनपद के सभी बूथ अध्यक्षों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सरोज कश्यप, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, देवी प्रसाद पाण्डेय, फतेह बहादुर सिंह, उपेन्द्र शुक्ला, मो.दिलशाद, शुभम् मिश्रा, यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, अंजनी सिंह, गुंजन पांडेय, ललित मिश्रा, सुधीर तिवारी, राजू भाई, वीरेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, विकास सिंह, हिमांशू मिश्रा, रियाज सुलतान, साहिल, नूर आलम सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ने विश्वनाथगंज विधान सभा में किया पौधरोपण

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनीष पाल व शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष जगदीश यादव के तत्वावधान में हरित चेतना के लिए चैथे दिन विश्वनाथगंज विधानसभा के ग्रामसभा-कटकावली, कोड़रा मांदुपुर में पीडीए पेड़ पौधरोपण कार्यक्रम के तहत फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया एवं ग्रामवासियों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधरोपण की अपील करते हुए कहा कि पेड़ लगाने से शुद्ध वातावरण मिलता है। पर्यावरण संरक्षण से वायु, जल और भूमि प्रदूषण कम होता है। इस अवसर पर अनिल कुमार मौर्य, पिछड़ा वर्ग विधानसभा अध्यक्ष रामखेलावन यादव, उमाशंकर वर्मा, राजकुमार यादव, विनोद यादव, मनोज कुमार, भागीरथी यादव, प्रवेश मौर्या, विपिन पाल सहित अन्य ग्रामवासी एवं नेतागण उपस्थित रहे।

# अभविप के परिसर चलो अभियान के रथ का प्रतापगढ़ में भव्य स्वागत

## जिले भर में रथ ने किया भ्रमण, जगह-जगह हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत द्वारा परिसरों को पुनः जीवंत बनाने एवं परिषद संस्कृति विकसित करने हेतु परिषद चलो रथ सोमवार को अमेठी से प्रारंभ होकर आज गुरुवार को प्रतापगढ़ जनपद की सीमा सुवांसा पहुंचा। यहां प्रांत सह मंत्री आंचल सिंह प्रांत एग्रिविजन सह संयोजक प्रशांत सिंह प्रांत एसएफएस प्रमुख डॉ0 धर्मेंद्र प्रताप सिंह, प्रांत इंटर कॉलेज संयोजक रमेश पटेल, जिला संयोजक शुभम मिश्रा, जिला प्रमुख अजीत सिंह विभाग संगठन मंत्री अनिल, नगर मंत्री प्रभाकर पाण्डेय ने स्वागत किया। इसके बाद स्वामी करपात्री इंटर कॉलेज में संगोष्ठी



परिसर चलो अभियान के रथ में मौजूद अभविप पदाधिकारी।

का आयोजन किया गया। यहां प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह व विद्यालय परिवार के साथ उपस्थित रहे। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रांत सह मंत्री आंचल सिंह ने कहा कि परिसरों को जीवंत बनाने एवं परिषद संस्कृति को पुनर्स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देशव्यापी मुहिम परिषद चलो अभियान चलाया जा रहा है। इस रथ यात्रा का स्वामी करपात्री इंटर कॉलेज, पी बी इंटर कॉलेज, सरोजिनी इंटर कॉलेज, आकांक्षा पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, निर्मल तिराहे व डेरवा बाजार में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर पीबी इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल अनूप सिंह, अमरमणि मिश्रा, नगर मंत्री शिवांग श्रीवास्तव, अनिकेत तिवारी, ऋषि शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सम्मेलन में व्यापार मण्डल की जिलाध्यक्ष की टीम दुबारा निर्वाचित

## जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने प्रदेश अध्यक्ष का जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय कमेटी का 21वां त्रैवार्षिक चुनाव एवं व्यापारी महासम्मेलन में जिला टीम को फिर से काम करने का मौका दिया है। लखनऊ में आयोजित बैठक में पदाधिकारियो का चुनाव एवं मनोनयन हुआ इसमें प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने राजेंद्र कुमार केसरवानी को प्रतापगढ़ का जिला अध्यक्ष पद पर फिर से मनोनीत किया।

वहीं कोषाध्यक्ष के लिए अभय खंडेलवाल, संजय सोनी को महामंत्री, राहुल केसरवानी को जिला मंत्री और युवा जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सुनील जायसवाल को दी गई। जिला अध्यक्ष ने बताया है कि इसके अलावा दर्जन भर पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है। बता दें कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का चारबाग में रविंद्रालय सभागार में आयोजित व्यापारी महासम्मेलन में प्रदेश भर के 80 जिलों से 1000 से अधिक पदाधिकारी एकत्रित हुए


प्रदेश अध्यक्ष को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी।

थे। बैठक में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल जिला मंत्री राहुल केसरवानी जिला युवा अध्यक्ष सुनील जायसवाल एवम डेरवा व्यापार मंडल उपाध्यक्ष भोला अग्रहरि, गुलाब चंद्र वैश्य दिनेश चंद्र वैश्य, लालगंज बाजार प्रांतीय सदस्य मिथिलेश जायसवाल, सांगीपुर मंडल पप्पू उमरवैश्य, देलहूपुर बाजार अध्यक्ष अब्दुल्ला आफताब, महामंत्री कौशल कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार जायसवाल, मो वासिफ, मो शाहिद, प्रांतीय सदस्य अनिल कुमार शर्मा आदि ने सहभागिता प्रदान की।

# मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को वाहन ने रौंदा, मौत

## दुर्घटना करने वाला वाहन फरार, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के कटरा रोड पर आईटीआई के समीप बीती रात एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो नवयुवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि शहर में मुर्गी फार्म के पास कांशीराम कालोनी के रहने वाले सागर व पृथ्वी (उम्र लगभग 19 वर्ष) एक मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घरवाले घटना स्थल पर पहुंचे तो कोहराम मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दुर्घटना करने वाला वाहन फरार हो चुका था। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर कार्यवाही की। बता दें कि रात में सूनी सड़कों पर वाहनों की रफ्तार आए दिन इतनी तेज होती है कि वह लोगों के मौत का कारण बनती है।

## बंद आंगनबाड़ी केंद्रों की सीडीपीओ ने सुपरवाइजर से मांगी जांच रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बंद आंगनबाड़ी केंद्रों को गंभीरता से लेते हुए सीडीपीओ ने सुपरवाइजर से जांच रिपोर्ट मांगी है। केंद्रों से कार्यकत्री व सहयिका दोनो ही गायब थी। केंद्रों पर साफ-सफाई कहीं से भी नही दिखाई दी।

स्थानीय विकास खंड में स्थित अर्जुनपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर दो जुलाई को सुबह 8ः43 तक ताला बंद मिला। अर्जुनपुर के देवापुर केंद्र पर 8;46 व कौशिल्यापुर के चकवा आंगनबाड़ी केंद्र पर 9ः09 बजे तक दरवाजे पर ताला लटकता रहा। मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया तो लापरवाह कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कार्यकत्री व सहायिका की इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीडीपीओ ने सुपरवाइजर से मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। केंद्र को देखने से ही तैनात कार्यकत्री व सहायिका की लापरवाही दिखाई देती है। केंद्र पर फैली गंदगी ही बताती है कि जैसे यह केंद्र कभी खुलता ही नहीं है। केंद्रों की जो दशा दिखाई दे रही है उसकी जिम्मेदार कहीं न कहीं से क्षेत्रीय सुपरवाइजर है। सुपरवाइजर के निरीक्षण पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा होता दिखाई दे रहा है। केंद्रों की दशा यही बता रही है कि सुपरवाइजर केन्द्रो पर कभी आती नही है, यदि आती है तो वह भी कार्यकत्री की मनमानी मे पूरा सहभागिता निभा रही है। सीडीपीओ ने बताया की सुपरवाइजर से जांच रिपोर्ट मांगी गई है।उसके बाद कार्रवाई की जाएगी। सीडीपीओ ने यह भी कहा की केंद्र तो बंद थे और कार्यकत्री के साथ सहायिका भी गायब थी। यह घोर लापरवाही है।

## संपादक की कलम से

# नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता का समय !-सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र

भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डा.राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी,अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ,वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गयी।

राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल था। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे,तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष की गलत बयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन आफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाहवाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए।

लोकसभा के प्रथम सत्र से निकली छवियां बता रही हैं कि आगे भी सब कुछ सामान्य नहीं रहने वाला है। किंतु संसद को अखाड़ा, चौराहे की चर्चा के स्तर पर ले जाने के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? यह ठीक बात है कि सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सदन में सार्थक और प्रभावी विमर्श खड़ा करना विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। अब जबकि विपक्ष अपनी बढ़ी संख्या पर मुग्ध है तो क्या उसे संसदीय मयार्दाओं को छोड़कर अराजकता का आचरण करना चाहिए? सच तो यह है कि सदन के इस तरह चलने से सत्तारूढ़ दल का ही लाभ है। बिना बहस और चर्चा के कानून इसीलिए पास होते हैं क्योंकि संसद का ज्यादातर समय हम विवादों में खर्च कर देते हैं। संसदीय परंपरा रही है कि हर नयी सरकार को प्रतिपक्ष कम से कम छः माह का समय देता है। उसके कार्यक्रम और योजनाएं का मूल्यांकन करता है। पहले दिन से ही सदन को अराजकता की ओर ढकेलना उचित नहीं कहा जा सकता। अपनी लंबी संसदीय प्रणाली में भारत ने अनेक संकटों का समाधान किया है। हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं,विधान परिषदों, नगरपालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है। लोकसभा के पहले सत्र का लाइव प्रसारण देखते हुए हर संवेदनशील भारतीय जन को ये दृश्य अच्छे नहीं लगे हैं। संसदीय मयार्दाओं और परंपराओं की रक्षा हमारे सांसद गण नहीं करेंगे तो कौन करेगा? संसदीय राजनीति के शिखर पर बैठे दायित्ववान सांसदों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण से इस महान संस्था का गौरव बढ़ाने में सहयोगी बनें। नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता से 'राजनीति' तो संभव है पर 'राष्ट्रनीति' हम न कर पाएंगे।

# इंसानियत और हैवानियत के बीच होड़

**- सर्वमित्रा सुरजन**

समाज में धन, संपत्ति, सत्ता और राजनीति के इकोसिस्टम का बने रहना गरीबों की जिंदगी से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए हाथरस मामले की जांच के आदेश और उसके लिए समिति गठित होने के बावजूद इस मुगालते में बिल्कुल नहीं रहना चाहिए कि आगे ऐसे हादसों पर रोक लग जाएगी। जनता को अपनी जान प्यारी है, तो वह ऐसे आयोजनों से दूर रहे, यही एकमात्र उपाय है। आसाराम, गुरमीत राम रहीम जैसे लोगों को जेल से अगर जनता ने कुछ नहीं समझा तो वो ये भी याद रखे कि जिस नारायण साकार के सत्संग में यह हादसा हुआ है, वो इस समय फरार है।

120 से अधिक लोग भगदड़ में मर गए। उप्र के हाथरस में जिस सत्संग स्थल पर यह भगदड़ मची, वहां अब तंबू उखाड़ा जा चुका है। इधर-उधर बिखरी हुई चप्पलें, कपड़ों के टुकड़े, धूल-मिट्टी, एबुंलेंसों की आवाजाही, मुर्दाघर के बाहर बर्फ की सिल्लियों का ढेर, थोक के भाव में पड़ी इंसानी लाशें, अपने लोगों के मृत शरीरों की पहचान के लिए भटकते जिंदा लोग, साधनों के अभाव में कंधों पर ढो कर ले जाए जा रहे शव, ये नजारा मंगलवार से लेकर बुधवार तक दिखाई देता रहा। इस बीच संसद सत्र अपनी गति से चल रहा था। प्रधानमंत्री को लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी विपक्ष की खबर लेनी थी। जब तक वे पूरी तरह से राहुल गांधी को बालकबुद्धि और समूचे विपक्ष को देशविरोधी, नाकारा, नाकाम, संविधान विरोधी, लोकतंत्र विरोधी, हिंदुत्व विरोधी, विकास विरोधी साबित न कर दें। जब तक प्रधानमंत्री यह साबित न कर दें कि चार सौ पार के नारे के फेल हो जाने के बाद भी उनके गैरलोकतांत्रिक आचरण में कोई कमी नहीं आई है और वे सत्ता के पांच साल तीसरी बार मिलने के बाद अब और 20 सालों के शासन की बात करने लगे हैं, तब तक वे अपनी चर्चा को कैसे रोक सकते थे। यह तो गनीमत थी कि मंगलवार को जब वे लोकसभा में दो घंटे से ज्यादा का भाषण दे रहे थे, उसी दौरान हाथरस हादसे की खबर आ गई थी, तब उन्होंने भाषण के बीच में इस हादसे पर दुख व्यक्त कर दिया था। भाषण तो वे रोक नहीं सकते थे, क्योंकि तब राहुल गांधी से हिसाब-किताब अधूरा रह जाता। हाथरस के पीड़ितों को इस मामले में प्रधानमंत्री का आभार मानना चाहिए कि श्री मोदी की मौखिक संवेदना हादसे के कुछ घंटों बाद ही उन्हें मिल गई। वर्ना पुलवामा के शहीदों और उनके परिजनों को तो काफी इंतजार करना पड़ा था। तब नरेन्द्र मोदी मैन वर्सेस वाइल्ड की शूटिंग में व्यस्त थे। इसके लिए उन्हें जिम कार्बेट नेशनल पार्क में रहना पड़ा था।

हालांकि इस समय हिंदुस्तान में जहां नजर दौड़ाएं मैन वर्सेस वाइल्ड की होड़ ही दिखाई देगी, इसके लिए किसी नेशनल पार्क में जाने की जरूरत भी नहीं है। और यह भी जरूरी नहीं कि आदमी का मुकाबला जंगली जानवरों से ही हो। क्योकि जानवर जंगल में रहे या शहर में, वो विकास के आडंबर में नहीं पड़ा और प्रकृति के नियमों से बंध कर ही काम करता है। असल में इस समय इंसान का मुकाबला इंसानों के बीच पनप चुके हैवानों से है। कमाल यह है कि हैवान खुद को इंसान की तरह दिखाते हैं, और दार्शनिक इसे जिंदगी की जद्दोजहद की तरह पेश करते हैं। इंसानों की हैवानों से लड़ाई को जीवन का संघर्ष बताते हैं और प्रवचन करके इस संघर्ष से लड़ने के नुस्खे सिखाते हैं।

# गांवों से पलायन एवं बढ़ते शहरीकरण के खतरे

**-ः ललित गर्गः-**

भारत में बढ़ता शहरीकरण भले ही विकास का आधार हो, लेकिन इसने अनेक समस्याओं को भी जन्म दिया है। बढ़ता शहरीकरण केवल भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिये एक बड़ी चुनौती बन रहा है। वर्तमान में दुनिया की कुल आबादी में से 56 फीसदी आबादी शहरों में रहने लगी है। गांवों से शहरों की ओर पलायन हो रहा है। यह प्रवृत्ति जारी रही तो 2050 तक शहरी आबादी अपने वर्तमान आकार से दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी। भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनाने एवं नया भारत-विकसित भारत बनाने के लिये शहरीकरण पर बल दिया जा रहा है। एक विडम्बनापूर्ण सोच देश के विकास के साथ जुड़ गयी है कि जैसे-जैसे देश विकसित होता जायेगा वैसे-वैसे गांव की संरचना टूटती जायेगी। निश्चित ही जब भी शहरों में कोई नई कॉलोनी विकसित होती है तो हमें यह स्वीकारना ही होगा कि किसी न किसी गांव की कुबार्नी हुई है। एक और विडम्बना एवं त्रासदी है कि जिन्हें शहर कहा जा रहा है वहां अपने संसाधना से वंचित लोगों की बेतरतीब, बेचैन और विस्थापित भीड़ ही होगी।

कुछ समय पूर्व स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच का सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें यह बात उभर कर सामने आई कि शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। यह सही भी है क्योंकि किसी भी आधुनिक और विकासशील अर्थव्यवस्था में शहरों को विकास का सबसे बड़ा वाहक माना जाता है। भारत में नवीन भारत की पहल के विचार को आगे बढ़ाने की कड़ी में शहरी बुनियादी ढाँचों में सुधार के समग्र दृष्टिकोण को अपनाये जाने की अपेक्षा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरी विकास की इस प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश, पर्यावरण की समस्या, बढ़ता प्रदूषण, जल का अभाव एवं शहरी संस्कृति में बढ़ते जा रहे संबंधमूलक तनाव हमें यह सोचने पर विवश करते हैं कि शहरी विकास की अवधारणा पर एक बार फिर से विचार किया जाना चाहिये। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण उत्पन्न करने में गाँवों की तुलना में शहरों की भूमिका अधिक है, तो क्या यह कहा जा सकता है कि विकास और प्रदूषण का एक-दूसरे के साथ सकारात्मक संबंध है? बेहतर रोजगार, आधुनिक जनसुविधाएं और उज्ज्वल भविष्य की लालसा में अपने पुश्तैनी घर-बार छोड़कर शहर की चकाचौंध की ओर पलायन करने की बढ़ती प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश में एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की संख्या लगभग 350 हो गई है जबकि 1971 में ऐसे शहर मात्र 151 थे। यही हाल दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों का है। इसमें कोई दो राय नहीं कि शहरीकरण को विकास का पैमाना माना जाता है। शहरों में गांवों की तुलना में अधिक साधन, सुविधाएं, रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा दूसरे शब्दों में आधारभूत सुविधाएं अधिक होती हैं। यह भी सच है कि ये सुविधाएं सभी को नसीब भी नहीं होतीं। रोजगार के लिए गांवों से शहरों में आने वाले बहुत सारे लोगों को कच्ची बस्तियों, चालों या एक से दो कमरें के मकानों में किराए पर रहने को बाध्य होना पड़ता है। शहरों में बुनियादी सुविधाओं के बावजूद सामाजिक और पर्यावरणीय क्षेत्र पर



खासा नकारात्मक प्रभाव देखा जा सकता है। शहरों में रहना दूभर ही होता जा रहा है। असल में देखें तो संकट वायु प्रदूषण का हो या जंगल का, स्वच्छ वायु का हो या फिर स्वच्छ जल का, सभी के मूल में विकास की वह अवधारणा है जिससे शहर रूपी सुरसा सतत विस्तार कर रही है और उसकी चपेट में आ रही है प्रकृति और उसकी नैसर्गिकता। जिसके कारण मनुष्य की सांसें उलझती जा रही है, जीवन पर संकट मंडरा रहा है। अगर हमें पूरी समस्या से लड़ना है, तो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित महानगरों के स्तर पर और साथ ही पूरे देश के स्तर पर अपनी कई आदतों को बदलना होगा, विकास के तथाकथित मॉडल पर गंभीर चिन्तन करना होगा। वायु प्रदूषण का कारण पराली एवं सड़क पर दौड़ते निजी वाहनों में खोजने की बजाय हमें महानगरों के अनियोजित शहरीकरण में खोजना होगा।

पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर शहर एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं क्योंकि शहर के विकास के लिये हरित क्षेत्र की बलि चढ़ाई जा रही है। जलवायु संबंधी परिवर्तनों ने कई शहरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, विशेषतः समुद्र किनारे बसे शहर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं रह गए हैं। इसके अलावा, तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास शहरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिये खतरा बन गया है क्योंकि इससे भी पर्यावरण को नुकसान होता है। देश के सभी बड़े शहरों और महानगरों में बड़ी संख्या में स्लम बस्तियाँ बन गई हैं। इनमें रहने वाले लोग शहरी जनसंख्या से संबंधित उच्च एवं मध्य वर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, परंतु वे न केवल गरीबी के शिकार हैं अपितु बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं। प्रत्येक शहर में बेतरतीब यातायात एक गंभीर समस्या बन गया है क्योंकि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को लगभग समाप्त कर दिया गया है। शहर में रहने वाले समृद्ध लोग अपनी शक्ति और संपन्नता के प्रदर्शन के लिये यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं और इससे बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं।

शहर के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए और दफ्तर चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हजार्ना संभव नहीं है और यही वायु प्रदूषण का बड़ा कारण है। शहरीकरण यानी रफ्तार और रफ्तार का मतलब है वाहन और वाहन है कि विदेशी मुद्रा भंडार से खरीदे गए ईंधन को पी रहे हैं और बदले में दे रहे हैं दूषित वायु। शहर को ज्यादा बिजली चाहिए यानी ज्यादा कोयला जलेगा, ज्यादा परमाणु संयंत्र लगेंगे। शहर का मतलब है औद्योगिकीकरण और अनियोजित कारखानों की स्थापना, जिसका परिणाम है कि हमारी लगभग सभी नदियां अब जहरीली हो चुकी है। महानगरों की बढ़ती आबादी को सिर छुपाने को मकान चाहिए, जिसके लिये हरीतिमा क्षेत्रों को हम कंक्रीट के जंगल में तब्दील करते जा रहे हैं। नदी थी खेती के लिए, मछली के लिए, दैनिक कार्यों के लिए, न कि उसमें गंदगी बहाने के लिए। गांवों के कस्बें, कस्बों के शहर और शहरों के महानगर में बदलने की होड, एक ऐसी मृग मरीचिका में लगी है, जिसकी असलियत कुछ देर से खुलती है लेकिन जब खुलती है तब तक लोगों की सांस लेना दुभर हो चुका होता है, जीवन पर संकट के बादल मंडराने लगते हैं।

दरअसल स्वतन्त्र भारत के विकास के लिए हमने जिन नक्शे कदमों पर चलना शुरू किया उसके तहत बड़े-बड़े शहर पूंजी केन्द्रित होते चले गये और रोजगार के स्रोत भी ये शहर ही बने। शहरों में सतत एवं तीव्र विकास और धन का केन्द्रीकरण होने की वजह से इनका बेतरतीब एवं असंतुलित विकास स्वाभाविक रूप से इस प्रकार हुआ कि यह राजनीतिक दलों के अस्तित्व और प्रभाव से जुड़ता चला गया, लेकिन पर्यावरण एवं प्रकृति से कटता गया। प्रबुद्ध नागरिक बढ़ते शहरीकरण को लेकर चिंतित रहते हैं और अनियोजित शहरी विकास को नियोजित विकास का रूप दिलाने के लिए न्यायालयों तक का दरवाजा खटखटाते हैं। इसके बावजूद अनियोजित शहरीकरण बढ़ रहा है। शहरीकरण के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। ऐसे में नीति निर्माताओं को इस समस्या पर गंभीरता से विचार करना होगा। शहरों के विस्तार की बजाय गांवों-कस्बों के विकास पर ध्यान देना होगा। गांव आधारित आर्थिक विकास एवं आर्थिक व्यवस्था को प्रोत्साहन देना होगा। वहां रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था करके ग्रामीण आबादी को शहरों की ओर पलायन से रोका जा सकता है। इससे शहरों पर दबाव भी कम होगा और पर्यावरण, स्वास्थ्य, जीवनशैली पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव में भी कुछ हद तक कमी आएगी।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486,**

# आग से जूझते जंगल

**- कुलभूषण उपमन्यु**

इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना होगा, ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो।

दुनिया भर के जंगलों में लगने वाली आग की घटनाएं लगातार बढती जा रही हैं। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन एक बड़े कारक के रूप में उभर रहा है। इस वर्ष ब्राजील में अमेजन के वर्षा-वनों में 75000 आग की घटनाएं हो चुकी हैं जो 2013 से दो गुनी हैं। इससे 30 लाख जीव-प्रजातियों पर खतरा मंडरा रहा है। दुनिया की 25त्न आक्सीजन की जरूरत इन वर्षा-वनों से पूरी होती है। मैक्सिको, ग्रीस, अमेरिका सहित दुनिया के अनेक देश दावाग्नि की चपेट में आ चुके हैं।

वैसे तो मनुष्य समाज शुरू से ही जंगलों को आग से साफ करके खेती के लिए जमीनें तैयार करता रहा है, किन्तु अब दुनियां की हवा, पानी और पर्यावरणीय जरूरतों को पूरा करने के लिए जितने न्यूनतम क्षेत्र में वन होने चाहिए उतने भी नहीं बचे हैं इसलिए इस घातक प्रक्रिया पर विराम लगाना अति-आवश्यक हो गया है। जंगलों की आग के और भी अनेक नुकसान हैं। आग से फैलने वाला धुआं कार्बन डाई-आक्साइड का मुख्य स्त्रोत होने के कारण ग्रीन-हॉउस प्रभाव पैदा करके वैश्विक तापमान में वृद्धि करता है। तापमान वृद्धि से आग लगने की संभावनाएं बढ़ जाती हैं, इस तरह एक घातक दुष्चक्र चल निकलता है।

वनाग्नि से असंख्य जीव-जंतु नष्ट हो जाते हैं और जैव-विविधता के लिए बड़ा खतरा पैदा हो जाता है। मिट्टी की ऊपरी परत जलकर खुर-खुरी हो जाती है और बारिश में बहकर समुद्र में पहुंच जाती है। वनस्पति का आच्छादन समाप्त हो जाने से भूजल भरण की प्रक्रिया भी बाधित हो जाति है। वायु प्रदूषित हो जाने के कारण श्वास संबंधी रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है।

हमारे देश में भी वनाग्नि भयंकर समस्या बनती जा रही है। अकेले हिमाचल प्रदेश में ही इस वर्ष 1900 वनाग्नि की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे 20,000 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। इसमें से 2729 हेक्टेयर वृक्षारोपण क्षेत्र है, 374 वन बीट संवेदनशील हैं। इससे 6.61 करोड़ रुपए का नुकसान अनुमानित है, हालांकि यह अनुमान तो वृक्ष की मृत पैदावार की कीमत पर आधारित है। पेड़ की पर्यावरणीय सेवाओं के हिसाब से यदि नुकसान का आकलन करना हो तो यह अरबों रुपए में जाएगा।

इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए दो तरह से प्रयास करने होंगे। एक तो आग लगने की घटनाएं ही कम होती जाएं ऐसी व्यवस्था करनी होगी। लोगों को जागरूक करना होगा, ताकि वे वनों में आग के नुकसान से परिचित हों और इस कार्य का प्रकट विरोध करने के लिए सक्रिय हों। वनों का नुकसान सरकार का नुकसान नहीं है, बल्कि पूरे समाज का नुकसान है। आग लगाने वाले शरारती तत्वों को पकड़ने और दंडित करने की व्यवस्था हो।

दूसरा काम है, जब आग लग जाती है तो उस पर काबू पाना। इसके लिए दीर्घ-कालीन योजना बनाई जानी चाहिए। आग लगे तो कुआँ खोदने की प्रवृति से बाहर निकलना होगा और आग प्रतिरोधक स्थायी योजना बनानी होगी। सबसे पहले आग लगने के तत्काल बाद इसका पता लग जाना चाहिए। इसके लिए खोजी टावर नेटवर्क और दूरबीन एवं रेडियो से लैस कर्मी चाहिए जो त्वरित रिपोर्टिंग कर सकें।

पुराने समय में लोगों की वनों पर निर्भरता का स्तर बहुत ऊंचा था जिससे आग बुझाने में उनका सहयोग लेना आसान होता था। लोग हाथ से कठिन परिश्रम करने के आदी थे और आग बुझाने जैसे कठिन काम को करने की हिम्मत जुटा लेते थे। आज इन बातों की कमी हो गई है इसलिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। झाड़ियों से पीटकर आग बुझाने की मजबूरी से बाहर निकलना होगा। आधुनिक तकनीकों के बिना आग नियंत्रण के प्रयास करते हुए गत वर्ष भी वनकर्मी हिमाचल में काल का ग्रास बन गए थे।

# झूठ और सच के बीच झूलती संसद

**@ राकेश अचल**

अठरहवीं संसद का पहला सत्र हालाँकि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बहस के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है, लेकिन देश ने देखा कि नयी संसद भी पुरानी संसदों की तरह झूठ और सच के बीच झूल रही है। संसद में यदि सदन के नेता सच नहीं बोल रहे तो विपक्ष के नेता भी झूठ का सहारा ले रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गलतबयानी को सेना ने शहीद अग्निवीरों की दी जाने वाली आर्थिक सहायता देने वाले बयानों ने उजागर कर दिया है। भारतीय संसद की कार्रवाई का जबसे टीवी पर सीधा प्रसारण शुरू हुआ है तब से शायद ऐसा कोई भी मौका होगा जब मैंने उसे न देखा हो। मै लगातार देख रहा हूँ कि संसद में लगातार झूठ बोलने की परम्परा चल पड़ी है। न सरकार झूठ बोलने से हिचकती है और न विपक्ष। सरकार को तो कदम-कदम पर झूठ का सहारा लेना पड़ता है। झूठ सुनने और कहने के लिए अभिशप्त देश की संसद आखिर करे तो क्या करे ? संसद में झूठ बोलना कानून और संसदीय प्रक्रिया के तहत अपराध है। संसद में झूठ बोलना संसद के विशेषाधिकार का दुरूपयोग भी है और हनन भी, लेकिन अभी तक इस कानून और व्यवस्था के तहत न किसी प्रधानमंत्री को और न किसी मंत्री को और न किसी विपक्षी नेता को दण्डित किया गया और न शायद किया जा सकेगा। मुझे याद है कि कोविडकाल में कैसे तबके स्वास्थ्य मंत्री ने देश में कोविड से हुई मौतों, आक्सीजन की उपलब्धता और दवाओं की कमी के बारे में सफेद झूठ बोला था ,लेकिन विपक्ष कुछ नहीं कर पाया। इसी तरह विपक्ष के अनेक नेता झूठ का सहारा लेकर सरकार पर वार करते आये हैं किन्तु किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी ,क्योंकि सभी तो इस मामले में मौसेरे भाई है। इस मामले में मीडिया भी कम नहीं है। मीडिया ने भी संसद में सरकार और



विपक्ष के झूठ को न कभी पकड़ने की कोशिश की और न उसे उजागर करने का कभी कोई भी जोखिम लिया। लोग पूरी बेशर्मी से झूठ बोलते हैं। झूठ का सहारा लिए बिना न संसद चल रही है और न देश। झूठ किसी भी पक्ष का हो उसे पकड़ने के लिए,उजागर करने के लिए श्रम करना पड़ता है ,लेकिन कोई ये तकलीफ उठाने के लिए तैयार नहीं है। देश और दुनिया ने देखा कि पिछले दिनों आम चुनाव के दौरान सरकार ने कितने बड़े-बड़े सफेद झूठों का सहारा लिया ,बावजूद स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर पायी। यही हाल विपक्ष का हुआ,उसे भी सत्ता से मीलों दूर ठिठक जाना पड़ा,क्योंकि आखिर झूठ तो झूठ होता है। झूठ के पांव नहीं होते। आखिर झूठ कितना दौड़ सकता है ?

बकौल गूगल गुरु -'झूठ एक असत्य बयान के रूप में दिया गया एक प्रकार का धोखा है', जो विशेष रूप से किसी को धोखा देने की मंशा से बोला जाता है। प्रायः झूठ का उद्देश्य होता है किसी राज या प्रतिष्ठा को बरकरार रखना, किसी की भावनाओं की रक्षा करना या सजा या किसी के द्वारा किए गए कार्य की प्रतिक्रिया से बचना। झूठ बोलने का तात्पर्य कुछ ऐसा कहने से होता है जो व्यक्ति जानता है कि गलत है या जिसकी सत्यता पर व्यक्ति ईमानदारी से विश्वास नहीं करता और यह इस इरादे से कहा जाता है कि व्यक्ति उसे सत्य मानेगा। एक झूठा व्यक्ति ऐसा व्यक्ति है जो झूठ बोल रहा है, जो पहले झूठ बोल चुका है, या जो आवश्यकता ना होने पर भी आदतन झूठ बोलता रहता है।

हमारे पृथक बुंदेलखंड आंदोलन के संरक्षक और कांग्रेस के बड़े नेता तथा मंत्री रहे स्वर्गीय विठ्ठल भाई पटेल ने तो 'बॉबी ' फिल्म के लिए एक गीत ही ऐसा लिखा था जो जनता की जुबान पर युगों तक चढ़ा रहा। उन्होंने लिखा था कि - झूठबोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो 'दुर्भाग्य ये है कि हमारे यहां झूठ बोलने वाली सरकार हो या विपक्ष किसी काले कौवे से ,किसी काले कानून से डरती ही नहीं है और 56 इंच का सीना फुलाकर झूठ पर झूठ बोलती जाती है। झूठ बोलने का सिलसिला 'हरि अनंत, हरि कथा अनंता' की तरह अनंत है। गांधी जी झूठ बोलने के खिलाफ थे और शायद उन्होंने कभी झूठ का सहारा देश को आजाद करने के लिए नहीं लिया। हमारे यहां एक हरिश्चंद्र हुए थे जिन्हें सत्यवादी कहा जाता था। लेकिन इस विरासत पर हमने रत्ती भर गर्व नहीं है। हम लगातार झूठ पर झूठ बोलते जा रहे हैं और सत्य को आहत कर रहे हैं। ये सिलसिला न कांग्रेस के जमाने में रुका और न भाजपा के जमाने में। आगे किसका जमाना आएगा ये हमें मालूम नहीं।

इस मामले में मेरा भरोसा कीजिये कि मै प्रायः झूठ नहीं बोलता । जरूरत पड़ने पर जनहित में मैंने अनेक बार झूठ बोला है ,लेकिन मेरा झूठ राहुल गांधी या मोशा की जोड़ी के झूठ की तरह कभी पकड़ा नहीं गया। मुझे अपने झूठ के लिए कभी शर्मशार नहीं होना पड़ा। जब हम बच्चे थे और हमने गांधी या सत्यवादी हरिश्चंद्र के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जाना था तब भी हम आपस में कहते थे कि - झूठ बोलना पाप है, नदी किनारे सांप है 'यान हमारे संस्कारों में झूठ को कभी महत्ता नहीं दी गई। हमारे सनातन धर्म ग्रन्थ भी झूठ से दूर रहने कोई सीख देते रहे हैं।हम हमेशा गाते हैं कि -'सजन रे झूठ मत बोलो, खुदा के पास जाना है'। लेकिन हम न खुदा से डरते हैं, न ईश्वर से।

झूठ का कोई एक रंग नहीं होता। कोई झूठ सफेद होता है तो कोई काला,कोई सतरंगी भी होता है। आपने मुमकिन है कि हर तरह का झूठ सुना हो, लेकिन इस सदी के दो बड़े झूठ है। पहला कांग्रेस के जमाने में कहा गया झूठ 'गरीबी हटाओ' का था दूसरा सबसे बड़ा झूठ मोदी युग में 'अच्छे दिन आएंगे' का झूठ था। देश से न गरीबी हटी और न अच्छे दिन आये। आज भी देश में 90 करोड़ गरीब हैं। जबकि सरकार कहती है कि उसने पिछले दस साल में 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला।

विज्ञान ने झूठ और सच को पकड़ने के लिए मशीन भी बनाई जिसे अंग्रेजी में ' लाय डिटेक्टर' कहते है। लेकिन ये मशीन भी सौ फीसदी भरोसे की नहीं है। झूठ बोलने वाले दुर्दांत लोग इस मशीन को भी धोखा देने में कामयाब हो जाते हैं। जांच एजेंसियां इस मशीन का अक्सर इस्तेमाल करतीं है, लेकिन इस मशीन का इस्तेमाल आजतक किसी प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसद या विधायक के झूठ को पकड़ने के लिए नहीं किया गया। सरकार को ईडी, सीबीआई के साथ ही अब ' लाय डिटेक्टर का इस्तेमाल भी विरोधियों को जेल की हवा खिलने के लिए करना चाहिए। सबसे पहले इसे जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर और बाद में सत्तारूढ़ दल के किसी भी नेता पर, राहुल गांधी पर आजमाया जा सकता है।

# आकांक्षी जिले में छह लक्ष्यों को तीस सितम्बर तक करें पूराः डीएम

## डीएम-सीडीओ बोलेः शासन की योजनाओं का दिलायें लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीति आयोग ने आकांक्षी जिले में ब्लाक चयनित छह संकेतों के लक्ष्य पूरे करने की गरज से एक जुलाई से 30 सितंबर तक अभियान को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व सीडीओ अमृतपाल कौर ने कर्वी ब्लाक के खुटहा गांव से शुभारंभ किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि नीति आयोग ने छह बिंदुओं पर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनता को लाभ दिलाने को कैसे कार्य करना है। आकांक्षी जिले में बच्चे स्वस्थ्य रहें, पढ़ाई भी अच्छी रहे, आर्थिक दशा में सुधार हो-सभी योजनाओं को गांव में अभियान चलाकर किया जायेगा। जनप्रतिनिधियों से कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लोगों में प्रचार कर लाभ दिलायें।

सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि नीति आयोग ने छह संकेतों पर जिला स्तर व ब्लाक स्तर पर स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण से इंकार करने वाले बच्चों को कार्यक्रम स्थल पर टीकाकरण कराकर सम्मानित करने, हाइपरटेंशन व डायबिटीज जांच शिविर लगाने, जिला कार्यक्रम विभाग से अन्नप्राशन व गोद भराई,



पौधरोपण करते डीएम आदि।

स्वतः रोजगार से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आरएफ/सीआईएफ की धनराशि दिलाने का प्रमाण पत्र बांटने, कृषि विभाग से स्वास्थ्य कार्ड बांटने, पंचायती राज विभाग से साफ-सफाई अभियान चलाये जायेंगे। उन्होंने महिलाओं से कहा कि समय से अपने स्वास्थ्य की जांच करायें। बच्चों का टीकाकरण करायें। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि ये कार्यक्रम ग्रामीणों के अच्छे जीवन के लिए है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। गर्भवती महिलायें जांच अवश्य करवायें, ताकि बच्चा स्वस्थ्य पैदा हो। डीएम-सीडीओ ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं रिंकू देवी, रामप्यारी, चिंता देवी को सीसीएल कैश क्रेडिट लिमिटेड स्वीकृत चेक, कमलेश कुमार, रामलाल, राममिलन, मैयादीन, राजरानी को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संपूर्ण टीकाकरण में कार्तिक, रोहित, सिवांश, आशीष व गर्भवती महिलाओं में संगीता, अनीता को प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट, रुचि, कार्तिक, राघव को अन्नप्राशन तथा प्रियंका, पुष्पा की गोद भराई किया। डीएम-सीडीओ ने अमृत सरोवर तालाब पर पौधे भी लगाये। इस मौके पर उपनिदेशक कृषि राजकुमार, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, बीएसए बीके शर्मा, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा, प्रधान समेत संबंधित अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद रहे।

### आकांक्षी जिले में लिपिकों की मनमानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आकांक्षी जिले में विभिन्न विभागों में तैनात लिपिकों के तीन साल में तबादला व पटल बदलने के शासन के कडे निर्देश हैं। इन निर्देशों का कहीं पालन नहीं हो रहा। ऐसे में विभिन्न पटलों पर लम्बे समय से जमे लिपिक मनमानी कर रहे हैं। इससे लोगों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। आकांक्षी जिले में जब तक लिपिकों के पटल व तबादले नहीं किये जायेंगे, तब तक शासन की योजनाओं को पलीता लगता रहेगा।

# नये बीएसए ने शैक्षिक माहौल देख मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता जांची

## समय से विद्यालयों में शिक्षक व बच्चे आयेंः बीएसए

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन से नवनियुक्त जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने कर्वी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय खुटहा व पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटहा का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान विद्यालय कक्षों को देखा। अध्ययरत बच्चों से सवाल-जवाब कर शैक्षिक गुणवत्ता जांची।

गुरुवार को बीएसए बीके शर्मा ने मौजूद शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता बढाने को प्रोत्साहित किया। कायाकल्प नवीन नामांकन बढ़ाने व शत-प्रतिशत बच्चों तथा शिक्षकों की हाजिरी समय से स्कूलों में आने की ताकीद की। शिक्षण कार्य, स्कूल चलो अभियान, डीबीटी को आधार वैलिडेशन, संचारी



मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचते बीएसए।

रोग नियंत्रण, वृक्षारोपण, दीक्षा से सेल्फ स्ट्रीम प्रशिक्षण, पाठयपुस्तक वितरण, प्रधानाध्यापकों व सहायक अध्यापकों के निर्धारित उत्तरदायित्व तय करने समेत बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन को चखकर गुणवत्ता जांची। सभी स्टाफ को शत-प्रतिशत छात्र हाजिरी सुनिश्चित करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने के निर्देश दिये। बीएसए ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचे। छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता पर ध्यान दें। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय रमेश चंद्र पटेल, खंड शिक्षाधिकारी चित्रकूट अतुलदत्त तिवारी समेत विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# राहुल के विरोध पर कांग्रेसी गुस्साये, राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उप्र कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में राज्यपाल संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि जिस तरह से प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के सदन में भाजपा के नकली हिंदू, भ्रष्टाचार, महंगाई, अग्निवीर, किसान, पेपर लीक, बेरोजगारी के मुद्दे उठाये हैं। उससे भाजपा तिलमिला गई है। भाजपा के लोग पुलिस संरक्षण में नेता राहुल गांधी की फोटो जलाने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि



एसडीएम को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

बनारस में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के घर में नेता राहुल गांधी की फोटो जलाने का प्रयास पुलिस संरक्षण में हुआ है, वह अलोकतांत्रिक है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाये। अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन को बाध्य होगी। इस बाबत पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष रंजना बरातीलाल पांडे ने कहा कि सदन में युवा किसान, अग्निवीर, पेपर लीक, बेरोजगारी, महंगाई जनता के हितों की आवाज उठाना हिंदू विरोधी है तो नेता जनता के हितों की आवाज उठाते रहेंगे। भाजपा नकली हिंदूवाद का नारा देकर आम जनता के मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने समेत सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। प्रशासन से मांग किया कि जिस तरह से विरोध-प्रदर्शन के नाम पर नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी हो रही है, ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाये। अन्यथा कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। मर्यादा में रहकर सभी विरोध-प्रदर्शन करें, लोकतांत्रिक ढंग से विरोध-प्रदर्शन का अधिकार सबको है। शिव गुलाम वर्मा ने कहा कि नेता की फोटो जलाने, फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्यवाही न होने पर कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। जिला सचिव विजयमणि त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र में जिस जनता ने भाजपा को चुना है, उसी जनता ने नेता राहुल गांधी को चुना है। सदन में जनता के हितों की बात उठाना गलत है तो कांग्रेस जनता के हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

ज्ञापन में मांग किया कि दोषियों पर कार्यवाही की जाये। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा, कुलदीप मिश्रा, नीरू गुप्ता, चुनबाद प्रसाद, सेवादल अध्यक्ष शिव गुलाम, महेंद्र निषाद, हरिओम पांडे, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्याम गुप्ता पर हो कार्यवाहीः कुशल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंटकर लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी पर श्याम गुप्ता के सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर कार्यवाही की मांग की है। गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस अधीक्षक से भेंटकर सौंपे पत्र में कहा कि एक जुलाई को श्याम गुप्ता पुत्र अज्ञात निवासी पुरानी बाजार कर्वी ने लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी में कहा है कि राहुल गांधी एक विदेशी स्त्री से पैदा संतान हैं आदि शब्दों का प्रयोग किया है। इससे राहुल गांधी की छवि धूमिल हुई है। उन्होंने श्याम गुप्ता पर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में नीरू गुप्ता, रंजना बरातीलाल पाण्डेय, विजयमणि त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

# धूमधाम से मना आरके सिंह पटेल का जन्मदिन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड के कद्दावर राजनेता/पूर्व भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल का जन्मदिन पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में धूमधाम से मनाया। बुधवार को बांदा-चित्रकूट लोकसभा से भाजपा सांसद रहे/उप्र सरकार के कैबिनेट मंत्री रहे आरके सिंह पटेल का जन्मदिन बल्दाऊगंज स्थित आवास में पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि बुंदेलखंड



पूर्व सांसद का जन्मदिन मनाते समर्थक।

के कददावर राजनेता आरके सिंह पटेल का सम्पूर्ण जीवन जनता की सेवा में समर्पित है। विधायक, मंत्री व सांसद रहते श्री पटेल ने समूचे क्षेत्र का चहुंमुखी विकास किया है। क्षेत्र की जनता के बीच श्री पटेल विकास पुरुष के रूप में जाने जाते है। वरिष्ठ नेता राजकुमार त्रिपाठी व सुनील सिंह पटेल ने कहा कि पूर्व सांसद पटेल के जीवन का लक्ष्य जनता की सेवा है। श्री पटेल संसदीय काल में पीएम मोदी व सीएम योगी के अंत्योदय के सपने को साकार करने का काम किया है।

कार्यक्रम में इं सुशील कुमार सिंह, शिवाकांत पांडे, मनोज सिंह पटेल, मनोज सिंह, महेंद्र सिंह, ध्यान सिंह, रामसेवक सिंह, भानु सिंह, धीरज सिंह पटेल, ओम प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। सैकडों समर्थकों ने श्री पटेल के दीर्घायु की कामना की।

# पहाड़ी में हुई शान्ति समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अध्यक्षता में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की थाना पहाड़ी में शान्ति समिति की बैठक हुई।

गुरुवार को बैठक में प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने आगामी पर्वों को सकुशल मनाने को लोगों से समस्यायें जानी। थाना परिसर में एसडीएम व सीओ ने वृक्षारोपण किया। मौजूद लोगों से एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। इस मौके पर प्रधान बाबूपुर कुलदीप सिंह, समिति अध्यक्ष पहाड़ी शारदा विश्वकर्मा, पचोखर गोपी पांडेय, सुनील कुमार, मोहम्मद यूनुस समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। थाना पहाड़ी के वरिष्ठ दरोगा मनीष कुमार, दरोगा विपिन कुमार मिश्र, अवधनारायण विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, त्रिलोकीनाथ मिश्र, परशुराम यादव, मातादीन, किशन कुमार आदि मौजूद रहे। वृक्षारोपण के बाद सीओ राजापुर ने थाना पहाड़ी के विवेचकों का अर्दली रूम किया। लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण को निर्देश दिये।

# भाजपाइयों ने जुलूस निकाल आपातकाल को बताया लोकतंत्र की हत्या

## भाजपाइयों ने आपातकाल पर की गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा ने कांग्रेस सरकार के देश में थोपे लोकतंत्र की हत्या आपातकाल दिवस पर जिले के कर्वी, मानिकपुर, राजापुर तहसील में जुलूस निकालकर गोष्ठी की।

गुरुवार को कर्वी-मानिकपुर में हुई गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि/जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने भाजपा के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर गोष्ठी का शुभारंभ किया। उनकी अगुवाई में गोष्ठी बाद कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर




जुलूस निकालते भाजपाई।

तीनों तहसीलों में मौन जुलूस निकाला। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज जो संविधान बचाने की दुहाई दे रहे हैं, वही इंदिरा गांधी ने अवैध निर्वाचन निरस्त होने पर देश को आपातकाल में झोंक दिया था। देश की मीडिया, न्याय पालिका पर प्रतिबंध लगा दिया था। विरोध करने वालों को जेल भेजा था। लोकतंत्र की रक्षा को कांग्रेस के विरोध में पूरा देश खडा हो गया था। चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने राजापुर तहसील में कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या की है। कांग्रेस ने आपातकाल में लोकतंत्र को बंधुआ बनाने की नीयत से आपातकाल लगाया था। कांग्रेस ने 90 से अधिक बार चुनी सरकारों को अलोकतांत्रिक ढंग से बर्खास्त किया है। क्या ये लोकतंत्र की हत्या नही है। पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि आपातकाल के विरोध, कांग्रेस के उत्पीड़न-प्रताड़ना को झेलकर मीसा कानून में जेल में बंद रहकर लोकतंत्र की रक्षा को अनेकों लोगों ने प्रयास किये थे।

पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि आपातकाल में कांग्रेस व इंदिरा गांधी के खिलाफ कुछ भी बोलना अपराध था। संचालन जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने किया। इस मौके पर कर्वी नगर सयोजक रवि गुप्ता, मानिकपुर तहसील सयोजक विनोद द्विवेदी, राजापुर सयोजक मधुरेन्द्र प्रताप सिंह ने गोष्ठी में मौजूद लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में मुन्ना करवरिया, ब्रजेश पाण्डेय, महेन्द्र कोटार्य, तीरथ तिवारी, अखिलेश रैकवार, प्रेमलाल बाल्मीकी, महेश केशरवानी, राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, दिनेश पटेल, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, साधना सिंह, सच्चिदानंद गर्ग, सुनील गर्ग, राम प्रताप, मोहनदास मिश्रा, दिलीप पटेल, भवानी जोशी, रामाकान्त पांडे, शिवाकान्त पांडे, प्रमेद्र प्रताप, दशरथ प्रजापति, सुरेश अनुरागी, राजाराम पाल, राकेश कोल, लवलेश निषाद, सच्चिदानंद द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अरविंद मिश्रा, गुलाब पटेल, भागवत प्रसाद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# चौथे दिन पौध लगा पर्यावरण बचाने का लिया संकल्प, बिना घूस के नहीं होते कोई कामः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा मुखिया/पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पीडीए पौधरोपण सप्ताह के चैथे दिन कर्वी विधानसभा के डिलौरा गांव में पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

गुरुवार को प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने में सहयोग देना चाहिये। आज के माहौल में सबसे ज्यादा पर्यावरण को क्षति हो रही है। सुख- सुविधायें बढ़ाने में पर्यावरण का नाश होता जा रहा है। मौजूदा सरकार हर साल लाखों



पौधा लगाते सपा नेता।

पौधे कागजों में लगाकर खानापूर्ति कर रही है। सरकार में बैठे जिम्मेदार पौधरोपण के नाम पर जेबें भर रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार के विकास के माडल का ये हाल है कि उद्घाटन से पहले योजनाओं में दरारें पड़ रही हैं। थानों-तहसीलों में बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहे। अस्पताल सिर्फ रेफर सेंटर बने हैं। शिक्षा का ये हाल है कि जिले के ज्यादातर सरकारी विद्यालयों में बच्चों को अभी तक ड्रेस नहीं मिल सकी। पौधरोपण में उनके साथ उपाध्यक्ष लाल बहादुर निषाद, मनीष विश्वकर्मा, राधे यादव, रंजीत यादव, रामसागर, गौतम वर्मा आदि मौजूद रहे।

# छेड़छाड़ में एक वर्ष की सजा-छह हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** न्यायालय में लम्बित वादों में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से न्यायालय ने छेड़छाड़ व मारपीट आरोपी को एक वर्ष की सजा व छह हजार रुपये जुर्माना से दंडित किया है। गुरुवार को मानिटरिंग सेल प्रभारी श्रीप्रकाश यादव की टीम व अभियोजन अधिकारी हरिओम सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय जेएम प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी ने कोतवाली कर्वी में दर्ज घर में घुसकर छेडछाड, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी मामले में आरोपी चांदबाबू पुत्र नन्हे अली बूढ़ा सेमरवार को एक वर्ष की सजा व छह हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि पांच जुलाई 2016 को वादिया ने कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट लिखाई थी कि चांदबाबू ने घर में घुसकर छेड़छाड़, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने चांदबाबू पर मामला दर्जकर विवेचना चौकी प्रभारी शिवरामपुर शरदचन्द्र पटेल को सौंपी थी। विवेचक ने चार सितम्बर 2016 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर लगाये आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील बार एसोसिएशन मानिकपुर के अध्यक्ष राजकुमार पाण्डेय व सचिव अखिलेश्वर सिंह ने एसडीएम मानिकपुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि मानिकपुर तहसीलदार के कार्यों की जांच की जाये। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम मानिकपुर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि तहसीलदार मानिकपुर भ्रष्टाचार कर तमाम पत्रावलियों में गलत ढंग से आदेश पारित किये है। तहसीलदार मानिकपुर का तबादला कहीं और किया जाये। तहसीलदार मानिकपुर लगातार वादकारियों को फोन से बुलाकर कार्य कर रहे हैं। ग्राम पंचायत ऊंचाडीह में कुर्क जमीन पर बोर्ड हटवा दिया है। अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। अधिवक्ताओं



एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

ने मांग उठाई कि तहसीलदार पर जल्द कार्यवाही कर अधिवक्ताओं को अवगत करायें। इस मौके पर अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद, नोखेलाल प्रजापति, रामकेश पयासी, गोविन्द तिवारी, यमुना शुक्ला, रामदिनेश द्विवेदी, संजय यादव, विद्यासागर यादव आदि मौजूद रहे।

### 15 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने चुनकानी पुत्र भगता दरसेड़ा के कब्जे से 15 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय, सिपाही अतुल मिश्रा, नरेन्द्र कुमार व दिनेश यादव शामिल रहे।

# विद्युत अधिकारी सुस्तः लूट-खसोट वाले मस्त

**अखंड भारत संदेश**

## सैनिक कल्याण निगम को गुमराह कर एक के स्थान पर दो नौकरी

**चित्रकूट।** बिजली विभाग में कार्यरत पिता-पुत्र सैनिक कल्याण निगम से धोखाधड़ी कर विद्युत वितरण खंड कर्वी में सूचना व गोपनीय कक्ष देख रहा है। जिले में सबसे कहता है कि वह अधिकारी है। बोरवेल-कार्मशियल आदि कार्यों का ठेका ले रखा है। अधिशासी अभियंता को भनक तक नहीं लग रही। कार्यालय की आड़ में जमकर लोगों से ठगी कर रहा है। गुरुवार को ये खुलासा हुआ। ताया गया कि उसका पुत्र कचहरी परिसर में स्थित सबस्टेशन पर सैनिक कल्याण निगम में कार्यरत हैं। सैनिक कल्याण निगम से एक व्यक्ति ही नौकरी कर सकता है। पुत्र विद्युत उपखंड कार्यालय भरतकूप में काम कर रहा था। शिकायत पर पावर हाउस भरतकूप में कार्य करने लगा। वहां जेई से मिलीभगत कर उपभोक्ताओं को शिकार बनाने लगा। जेई ने उसे निलम्बित कर दिया। उसका लूट-खसोट का कार्य बंद हो गया। फिर जुगाड कर कुछ माह उपखण्ड कार्यालय भरतकूप में आकर लूट-खसोट शुरू कर दी। उपखंड अधिकारी भरतकूप का तबादला होने से खेल बन्द हो गया। नये उपखंड अधिकारी ने बाहर का रास्ता दिखा दिया। फिर जुगाड कर सैनिक कल्याण निगम से कचहरी उपकेन्द्र में नौकरी करने लगा। एक नौकरी की जगह किसने दो नौकरी दी है। ये भी एक राज है। बिजली विभाग में माल खाने का ऐसा शौक लगा है कि महत्वपूर्ण पदों पर बैठकर जिले के लोगों से लूट-खसोट करने में मस्त हैं।

# रुकमा बुजुर्ग में प्रधान-सचिव कर रहे घोटाला

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के रुकमा बुजुर्ग गांव में विकास के नाम पर प्रधान-सचिव सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं। भ्रष्टाचार की कहानी लिखने में रुकमा बुजुर्ग प्रधान अव्वल हैं।

गुरुवार को मानिकपुर ब्लाक के रुकमा बुजुर्ग गांव के प्रधान-सचिव के शासकीय धन के बंदरबांट का खुलासा हुआ। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 व 22-23 तथा 23-24 में मनरेगा व राज्यवित्त समेत 15वें वित्त आयोग के कार्यों में प्रधान पुत्र ने जमकर घोटाला किया है। भ्रष्टाचार का ताजा मामला ये है कि खडंजा निर्माण में स्थानीय गिट्टी व मोरम की जगह स्थानीय मिट्टी का प्रयोग हुआ है। मजे की बात ये है कि प्रधान पुत्र ने शिकायतकर्ता व पत्रकारों को खुलेआम गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है।

# विदेश संदेश

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हाथरस हादसे पर जताया दुख, भेजा शोक संदेश

**मास्को।** हाथरस हादसे को लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दुख जताया है। पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शोक संदेश भेजा है। पुतिन ने अपने शोक संदेश में लिखा, हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को मेरी सहानुभूति है, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बता दें कि इस हादसे में 121 लोगों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के धार्मिक आयोजन में भगदड़ मचने से 121 से लोगों की मौत हो गई। हाथरस भगदड़ में 100 से अधिक महिलाओं और सात बच्चों सहित कम से कम 121 लोग मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। वहीं इससे पहले भारत स्थित तमाम देशों के विदेशी राजनयिकों ने अपनी संवेदना व्यक्त की थी।

## जानिए ब्रिटेन में आम चुनाव हमेशा गुरुवार को ही क्यों होते हैं?

**नई दिल्ली:** यूनाइटेड किंगडम 4 जुलाई, 2024 को होने वाले आम चुनाव



के लिए तैयार हो रहा है. वहीं एक दिलचस्प सवाल यह उठ रहा है कि ब्रिटेन में आम चुनाव हमेशा गुरुवार को ही क्यों होते हैं. ब्रिटेन में चुनाव पारंपरिक रूप से गुरुवार को होते हैं, यह प्रथा 1930 के दशक से चली आ रही है.

**चुनाव हमेशा गुरुवार को ही क्यों होता है?**

ऐतिहासिक रूप से, गुरुवार को कई शहरों में बाजार होता था, जिसका अर्थ है कि लोग पहले से ही केंद्रीय स्थानों पर एकत्र होते थे, जिससे उनके लिए मतदान करना सुविधाजनक हो जाता था. दिलचस्प बात यह है कि गुरुवार कई श्रमिकों के लिए एक ही वेतन का दिन था, इसलिए उन पर आर्थिक रूप से कम दबाव होगा और वे मतदान के लिए अधिक प्रेरित होंगे.

साथ ही गुरुवार का दिन सप्ताहांत से काफी दूर है, जिससे शुक्रवार, शनिवार या रविवार को होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किसी भी टकराव से बचा जा सकता है. चुनाव सप्ताह के आरंभ या अंत में न होकर सप्ताह के किसी दिन कराने का एक अन्य महत्वपूर्ण कारण यह है कि इससे मतदान प्रतिशत में वृद्धि होती है, क्योंकि लोगों के यात्रा पर जाने या लंबे सप्ताहांत बिताने की संभावना कम होती है.

यहां यह ध्यान देने योग्य है कि ऋषि सुनक, जो अक्टूबर 2022 से प्रधानमंत्री हैं. उन्होंने महीनों की अटकलों के बाद चुनाव की घोषणा की है जबकि चुनाव की समय सीमा जनवरी 2025 थी. इससे पहले चुनाव की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजा ने संसद को भंग करने की अनुमति दे दी है और चुनाव 4 जुलाई को होंगे. इस बात का संकेत देते हुए कि सुरक्षा और अर्थव्यवस्था प्रमुख युद्धक्षेत्र होंगे, सुनक ने कहा कि यह चुनाव ऐसे समय में होगा जब दुनिया शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से सबसे अधिक खतरनाक मोड़ पर है.

**ब्रिटेन के आम चुनावों में भारतीय वोट क्यों मायने रखते हैं?**

आगामी 4 जुलाई, 2024 को होने वाला यूके आम चुनाव एक महत्वपूर्ण घटना है जो देश के राजनीतिक प्रक्षेपवक्र को कई वर्षों तक आकार दे सकती है. इस चुनाव को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों में ब्रिटिश भारतीय वोट उल्लेखनीय रूप से प्रभावशाली हैं.

विदेश मंत्रालय के अनुसार, ब्रिटेन में भारतीय मूल के लगभग 1.9 मिलियन लोग रहते हैं, जो इंग्लैंड और वेल्स की कुल आबादी का लगभग 3.1 प्रतिशत है. इसमें अनिवासी भारतीय (ठफक) और भारतीय मूल के व्यक्ति (ढडक) दोनों शामिल हैं. भारतीय समुदाय अपनी उच्च शिक्षा, व्यावसायिक सफलता और आर्थिक योगदान के लिए जाना जाता है. ईटीवी भारत से बातचीत में पूर्व भारतीय राजदूत अशोक सज्जनहार ने ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के महत्वपूर्ण प्रभाव पर जोर दिया.

उन्होंने विशेष रूप से देश में पर्याप्त और समृद्ध भारतीय प्रवासियों को ध्यान में रखते हुए लोकतंत्र में प्रत्येक वोट की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. सज्जनहार ने बताया कि लेबर और कंजर्वेटिव दोनों पार्टियां सक्रिय रूप से भारतीय मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रही हैं, क्योंकि उन्हें इसके साथ संभावित कूटनीतिक और वित्तीय समर्थन मिलने की संभावना है.

इसके अलावा, उन्होंने 14 साल के शासनकाल के बाद कंजर्वेटिव पार्टी के खिलाफ बढ़ती सत्ता विरोधी भावना को स्वीकार किया. साथ ही ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के साथ जुड़ने के लिए लेबर पार्टी के प्रयासों को भी स्वीकार किया. भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत और ब्रिटेन ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते में महत्वपूर्ण प्रगति की है, क्योंकि दोनों पक्ष गुणवत्तापूर्ण समझौता चाहते हैं, जो द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण तत्व है. उन्होंने कहा कि यूनाइटेड किंगडम में निश्चित रूप से मजबूत द्विदलीय समर्थन मिलेगा। ब्रिटेन अपने हितों की रक्षा करने तथा क्षेत्र में चीनी प्रभाव का मुकाबला करने के लिए भारत जैसा साझेदार कभी नहीं ढूंढ पाएगा. हाल के आंकड़ों के आधार पर, ब्रिटेन में भारतीय परिवार उच्च आय वर्ग में हैं, जहां 2015-2018 के बीच 42 प्रतिशत परिवारों की साप्ताहिक आय 1,000 पाउंड या उससे अधिक थी. उल्लेखनीय है कि जनसंख्या के एक छोटे से हिस्से का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद, वे ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद में 6 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं.

## एससीओ समिट में पाक पीएम शहबाज शरीफ ने उठाया आतंकवाद का मुद्दा, कहा- इससे संयुक्त रूप से निपटें -

**अस्ताना:** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन में आतंकवाद के मुद्दे को सदस्य देशों के लिए एक बड़ी चिंता के रूप में उठाया और कहा कि आतंकवाद के सभी रूपों से संयुक्त प्रयासों के माध्यम से निपटा जाना चाहिए. दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना पहुंचे शहबाज ने एससीओ बैठक में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया, जहां चीन, भारत, तुर्की, ईरान, अजरबैजान और किर्गिस्तान सहित देशों के नेता और राजनयिक आर्थिक और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए हैं.

**अखंड भारत संदेश**
**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**
**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**RNI No: UPHIN/2001/09025**
**ऑफिस मो.: 9565333000**
**Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com**
**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

## ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए हो रही वोटिंग, सुबह पता चलेगा किसकी सरकार

**लंदन।** ब्रिटेन में आज आम चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। इस बार चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी और 61 वर्षीय कीर स्टार्मर की लेबर पार्टी में सीधा मुकाबला है। सर्वेक्षणों में दावा किया गया है कि लेबर पार्टी 14 साल के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी को सत्ता से हटा सकती है। ऋषि सुनक की जगह कीर स्टार्मर नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं।

मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। मतदान सुबह 7 बजे (भारतीय समयानुसार 11:30 बजे) शुरू हुआ है। लोग रात 10 बजे (भारतीय समयानुसार 2:30 बजे) तक मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। करीब 50 मिलियन (पांच करोड़) लोग मतदाता हैं। एग्जिट पोल रात 10 बजे (भारत के 2:30 बजे) मतदान समाप्त होते ही शुरू हो जाएगा। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार एग्जिट पोल ब्रिटिश राजनीतिक वैज्ञानिक जॉन कर्टिस और सांख्यिकीविद् डेविड फर्थ के बनाए मॉडल से होगा। इसका इस्तेमाल 2005 से चुनाव कवरेज




के लिए किया जा रहा है। इसमें 130 मतदान केंद्रों को कवर किया जाता है। इन पर मतदाताओं को मॉक बैलेट दिया जाता है। इन एग्जिट पोल्स का ट्रैक रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है और ये अंतिम नतीजों के काफी नजदीक रहते हैं।

नए गठित निर्वाचन क्षेत्र बेलीथ और एशिंगटन के नतीजे 11:30 बजे (भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 4 बजे) आने की उम्मीद है। उत्तर-पूर्व इंग्लैंड के हॉटन और सुंदरलैंड में भी इसी समय के आसपास नतीजे आ जाने की उम्मीद है। शुक्रवार लगभग 1 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे), स्कॉटलैंड के शुरूआती नतीजे आने लगेंगे। इसके बाद रात दो बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) तक तेज गति से नतीजे आने लगेंगे। भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे तक साफ हो जाएगा कि कौन सी पार्टी अगली सरकार बनाएगी। ब्रिटेन में बहुमत के लिए 650 संसदीय सीटों में से 326 सीटें जीतने की जरूरत होती है। ब्रिटेन में 300 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी की जीत का अनुमान लगाया गया है। अगर यह दावा सही साबित हुआ तो ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और ब्रिटेन में 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता से बाहर हो जाएगी। लेबर पार्टी के सत्ता में आने पर अध्यक्ष कीर स्टार्मर का प्रधानमंत्री बनना तय है। कीर को 2020 में लेबर पार्टी की कमान सौंपी गई थी।

## बांग्लादेश में भारत की सीमा के पास चीन को मिला तेल और गैस की खोज के लिए कुआं खोदने का काम

**ढाका।** भारत-बांग्लादेश जैसे दो बेहद दोस्ताना ताल्लुकात वाले मुल्कों के बीच चीन ने सेंध लगा दी है। बांग्लादेश में चीन भारत की सीमा के पास तेल और गैस की खोज के लिए कुआं खोदने का काम पाने में कामयाब हो गया। चीन के सिनोपैक इंटरनेशनल पेट्रोलियम सर्विस कॉरपोरेशन को असम के सीमावर्ती शहर करीमगंज के पास सिलहट-11 और त्रिपुरा के खोई शहर के पास हबीगंज जिले में रशीदपुर-13 में पेट्रोलियम गैस निकालने के लिए कुओं की ड्रिलिंग का काम मिला है। इस पर



444 करोड़ 85 लाख 79 हजार 893 टका खर्च होने का अनुमान है। बांग्लादेश के वित्तमंत्री अबुल हसन महमूद अली की अध्यक्षता में बांग्लादेश के सचिवालय में कल आयोजित सरकारी क्रय संबंधित कैबिनेट समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के अंत में कैबिनेट विभाग के समन्वय एवं सुधार सचिव मो. महमूदुल हुसैन खान ने संवाददाताओं को बताया कि सिलहट-11 और रशीदपुर-13 में पेट्रोलियम की निकासी के लिए कुएं, बिजली और ऊर्जा अधिनियम 2010 के अनुसार खोदे जाएंगे। इस संबंध में सिलहट गैस फील्ड्स लिमिटेड (एसजीएफएल) और सिनोपैक इंटरनेशनल पेट्रोलियम सर्विस कॉरपोरेशन के बीच समझौते को पूरा करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है। इसे जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

## नेपाल में उप प्रधानमंत्री लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भी प्रचंड से किया किनारा

**काठमांडू।** नेपाल की केंद्रीय राजनीति में जारी उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। अब उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रवि लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भी उनसे किनारा कर लिया है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी प्रचंड सरकार में शामिल तीसरी बड़ी पार्टी है। इस पार्टी के सरकार में



शामिल चारों मंत्रियों ने आज सुबह अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चारों ने सुबह प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद यह घोषणा की।प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद रवि लामिछाने ने कहा कि बदली हुई परिस्थिति के बीच हमने सरकार छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने साफ किया है कि नए गठबंधन में शामिल होने के लिए उनके पास कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

## ओली को पीएम बनने से रोकने के लिए प्रचंड ने डाला राष्ट्रपति पर दबाब

**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता गठबंधन टूटने के बाद अब प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल ह्यप्रचंडह्ण नई सरकार बनने से रोकने की जुगत में हैं। उन्होंने गुरुवार को राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल से मुलाकात कर संवैधानिक व्यवस्था के तहत ओली का प्रधानमंत्री बन पाना मुश्किल होने का तर्क देते हुए उन्हें पीएम पद पर नियुक्त नहीं करने के लिए दबाब डाला है। इस मुलाकात में उनके साथ रहे वित्त मंत्री तथा माओवादी नेता वर्षमान पुन ने कहा कि इस समय देश में संविधान की धारा 76 (2) के तहत प्रचंड प्रधानमंत्री पद पर हैं। यदि प्रचंड अपना बहुमत साबित करने में असमर्थ रहते हैं तो संविधान की धारा 76 (3) के तहत संसद में सबसे बड़े राजनीतिक दल के नेता को सरकार बनाने के लिए आह्वान किया जाना चाहिए। पुन ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रचंड ने राष्ट्रपति से संवैधानिक व्यवस्थाओं के तहत उनके पद छोड़ने के बाद सबसे बड़ी पार्टी के नेता की हैसियत से नेपाली कांग्रेस के नेता शेरबहादुर देउवा को पीएम पद पर नियुक्त करना चाहिए। हालांकि, सर्वोच्च अदालत ने इस तरह के विवाद में पहले ही अपना फैसला सुनाते हुए कहा था कि यदि किसी भी तरह सरकार बनाने की संभावना हो तो उसका प्रयोग किया जा सकता है। इसी के आधार पर इस समय सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता केपी ओली को प्रधानमंत्री पद पर समर्थन कर रही है। वैसे तो वर्तमान प्रधानमंत्री के पास अपना बहुमत साबित करने के लिए 30 दिन का समय है, लेकिन धीरे-धीरे उनका साथ छोड़ने वाले दलों की संख्या बहुमत में पहुंच गई है तो उन पर पद छोड़ने का दबाब बढ़ रहा है।

## जयशंकर की अस्ताना में चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात



**अस्ताना।** भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चीन के विदेशमंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन के दो दिवसीय समिट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। विदेशमंत्री जयशंकर इस समिट में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं अस्ताना में तीन जुलाई से शुरू शंघाई सहयोग संगठन की यह 24वीं बैठक है। इस संगठन में भारत, चीन, पाकिस्तान और रूस समेत नौ देश शामिल हैं। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी पहुंचे हैं। इससे पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में बयान जारी कर बताया कि भारत का जोर सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, सहयोग, संपर्क, एकता, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय एकता और पर्यावरण सुरक्षा पर है।

## शी जिनपिंग और पुतिन के बीच मुलाकात, SCO शिखर सम्मेलन से पहले क्या हुई बातचीत?



**बीजिंग:** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले बुधवार की शाम को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात की. इस मौके पर शी चिनफिंग ने कहा कि इस साल मई महीने में राष्ट्रपति पुतिन ने चीन की सफल राजकीय यात्रा की। चीन और रूस के बीच कूटनीतिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अहम अवसर पर हमने एक साथ द्विपक्षीय संबंधों के विकास की योजना बनाई. बदलती अंतर्राष्ट्रीय स्थिति के सामने हमारे दोनों पक्षों को पीढ़ी दर पीढ़ी मित्रता और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के मूल इरादे पर कायम रहते हुए चीन-रूस संबंधों का विशेष मूल्य बढ़ाने के साथ सहयोग की अंतर शक्ति की खोज करनी होगी, ताकि दोनों देशों के कानूनी हितों और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सावधानीपूर्वक बुनियादी मापदंड की रक्षा में नया प्रयोग किया जा सके.

## ऋषि सुनक ने लोगों से की कंजर्वेटिव पार्टी को वोट देने की अपील, पत्नी संग किया मतदान

**लंदन:** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने लोगों से आग्रह किया है कि वे अपने मतदान केंद्र पर जाएं और अपने साथ पहचान पत्र जरूर साथ लाएं. कंजर्वेटिव को वोट दें. इस बीच प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने गुरुवार मतदान किया. वहीं, लेबर पार्टी के नेता कीर स्टारमर भी अपनी पत्नी विक्टोरिया स्टारमर के साथ वोट डालने के लिए लंदन पहुंचे.

इसके अलावा स्कॉटिश मंत्री और रठढ नेता जॉन स्विनी ने ब्लेयरगॉरी के बुरेलटन विलेज हॉल में मतदान किया. एलायंस पार्टी की नेता नाओमी लॉन्ग ने बेलफास्ट के एक चर्च में अपना वोट डाला. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें अपने पति माइकल लॉन्ग के साथ देखा गया.




वोटिंग के लिए मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजे खुले. चुनाव के नतीजे शुक्रवार की सुबह आने की उम्मीद है. चुनाव में मुख्य मुकाबला कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी के बीच है

बोरिस जॉनसन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक दूसरे कार्यकाल के लिए फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं, लेबर पार्टी से कीर स्टारमर पीएम पद की रेस में हैं. इससे पहले प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने 22 मई को उस समय सबको चौंका दिया जब उन्होंने समय से पहले चुनाव की घोषणा की.

**14 साल से कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता में काबिज**

बता दें कि पिछले 14 साल से ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता पर काबिज है. इस दौरान पांच अलग-अलग प्रधानमंत्रियों ने देश की कमान संभाली. ब्रिटेन चुनाव के लिए किए गए सर्वों से संकेत मिलता है कि लेबर पार्टी चुनाव में जीत हासिल कर सकती है. सर्वे में लेबर पार्टी के कीर स्टारमर को 650 संसदीय सीटों में से 484 सीटें मिलने का अनुमान है.

**सुनक की वोटर्स से अपील**

सुनक ने मतदाताओं को यह समझाने की कोशिश की है कि उनके 20 महीने के कार्यकाल ने उडश्कऊ-19 के बाहरी झटकों और यूक्रेन में युद्ध के बाद अर्थव्यवस्था को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया है, और उनके कंजर्वेटिव पूर्ववर्तियों के तहत वर्षों की उथल-पुथल का अंत किया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हमें लेबर पार्टी को उस बहुमत हासिल करने से रोकना होगा जो आप पर टैक्स बढ़ाए. ऐसा करने का एकमात्र तरीका कंजर्वेटिव पार्टी को वोट दें.

**कीर स्टारमर मतदाताओं से क्या कहा?**

वहीं, कीर स्टारमर ने लोगों से वोट करने अपील की और कहा कि यह बदलाव के लिए वोट करने का अवसर है. चाहे आप कहीं से भी आए हों, आपको आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है. आपके बच्चों को सफल होने का अवसर मिल रहा है. सोचिए, वेल्स और वेस्टमिंस्टर दो सरकारें 14 साल में पहली बार एक साथ काम कर रही हैं.

**चुनाव खत्म होने के बाद आएंगे एग्जिट पोल**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वोटिंग खत्म होने के तुरंत बाद मतगणना तुरंत शुरू हो जाएगी, लेकिन अधिकांश परिणाम शुक्रवार की सुबह ही घोषित किए जाएंगे. वहीं, मतदान समाप्त होते ही मुख्य यूके मीडिया हाउस एग्जिट पोल जारी करेंगे, जिससे संभावित परिणाम का संकेत मिलेगा.